वर्ष 24, अंक 262, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 1 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

### 'मेड इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' का दिया मंत्र



**गांधीनगर**

**यह** भारत में इस प्रकार का दूसरा संयंत्र है और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इसे भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक माना जा रहा है, क्योंकि यह मिशन को गति प्रदान करेगा। इससे पहले आज, महावीर जयंती के अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर के महावीर जैन आराधना केंद्र परिसर में कोबा तीर्थ स्थित सम्राट संप्रति संग्रहालय का भी उद्घाटन किया। अशोक के पोते सम्राट संप्रति के नाम पर स्थापित यह संग्रहालय जैन धर्म की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है।

इससे पहले सोमवार को, गुजरात के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने कहा, "सेमीकंडक्टर विनिर्माण श्रृंखला में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सानंद में 3,300 करोड़ रुपये की लागत से बने केन्स सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। यह इस श्रृंखला का दूसरा संयंत्र होगा, और यह सुविधा प्रतिदिन 7 लाख से अधिक चिप्स का उत्पादन करेगी।"

उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना भारत के एक नए तकनीकी युग में प्रवेश का प्रतीक है और चुनौतियों को अवसरों में बदलने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस दूसरी इकाई के साथ, हम इस भविष्यवादी उद्योग के युग में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की खासियत चुनौतियों को अवसरों में बदलने की उनकी क्षमता रही है," मोधवाडिया ने एएनआई को बताया। इससे पहले, फरवरी में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोन सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया था।

## शीतला माता मंदिर भगदड़: मृतकों के परिजनों में मातम

### माननीय मंत्री जी बोले- धैर्य रखिए




**बिहार**

**बिहार** में नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में भगदड़ मचने से 8 महिलाओं की मौत हो गई. परिवारवालों में चीख-पुकार मची है. इस बीच बिहार के मंत्री और जेडीयू नेता श्रवण कुमार ने मृतकों के परिजनों से धैर्य रहने की अपील की है.

मीडिया से बातचीत में श्रवण कुमार ने कहा, "मृतक के परिवारों को इस संकट की घड़ी में धैर्य रखने की मैं अपील करता हूं. मृतक के परिवारों को सरकार की तरफ जो मदद मिलनी चाहिए वो दी जाएगी. घटना बहुत दुखद है."

सीएम नीतीश ने जताया शोक

इस घटना पर सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, "नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित शीतला देवी मंदिर में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है. मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना है. मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4-4 लाख रुपये एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं. घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं तथा उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं."

नीतीश कुमार को साइड करने के लिए इखढ कब से बना रही था प्लान? फ्खऊने किया डिकोड!

बिहार के गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, "नालंदा स्थित माता शीतला मंदिर में भगदड़ की दुखद घटना अत्यंत ही पीड़ादायक है. इस हादसे में जान गंवाने वाले और घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं।

## ईरान वॉर में साथ नहीं देने वाले यूके-फ्रांस पर ट्रंप ने निकाली भड़ास

## अब यूएस सिखाएगा आपको सबक!



**ईरान**

**यूएस** और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों, खासकर NATO के सदस्यों पर तीखा हमला बोला है. ट्रंप ने फ्रांस और यूनाइटेड स्टेट्स की आलोचना करते हुए कहा कि इन देशों ने ईरान के खिलाफ अभियान में अमेरिका का साथ नहीं दिया, और अब अमेरिका भी भविष्य में उनका साथ देने के लिए बाध्य नहीं होगा.

उन्होंने फ्रांस पर तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि उसने ईरान के खिलाफ अभियान में बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया. ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका ने इस मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, लेकिन फ्रांस ने उस दौरान इजरायल जा रहे अमेरिकी सैन्य आपूर्ति वाले विमान को अपने एयरस्पेस से गुजरने की अनुमति नहीं दी.

ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका इस रवैये को कभी नहीं भूलेगा, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि इस मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ सकता है.

नाटो को ट्रंप की खरी-खरी

ट्रंप की नाराजगी की मुख्य वजह हालिया घटना बताई जा रही है, जिसमें फ्रांस ने अमेरिकी सैन्य आपूर्ति से लदे विमान को अपने एयरस्पेस से गुजरने की अनुमति नहीं दी.

यह विमान इजरायल जा रहा था. इस घटना के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि ह्लअमेरिका यह कभी नहीं भूलेगाह्व कि किन देशों ने इस मुश्किल समय में साथ नहीं दिया.

इसके साथ ही ट्रंप ने ऊर्जा संकट से जूझ रहे देशों को सीधी सलाह देते हुए कहा कि वे या तो अमेरिका से तेल खरीदें या खुद Strait of Hormuz तक जाकर तेल हासिल करें. उन्होंने यह भी कहा कि अब अन्य देशों को अपनी सुरक्षा और ऊर्जा जरूरतों के लिए खुद लड़ना सीखना होगा, क्योंकि अमेरिका हर बार उनकी मदद के लिए आगे नहीं आएगा.

लड़ाई में अकेले पड़े ट्रंप

ट्रंप के इस बयान ने वैश्विक कूटनीतिक संबंधों में नई तनातनी पैदा कर दी है. पहले से ही मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ऊर्जा संकट के बीच ऐसे बयान अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों और वैश्विक तेल बाजार दोनों पर गहरा असर डाल सकते हैं.

अमेरिका ने ईरान को अब तक पहुंचाया भारी नुकसान

अमेरिका और इजरायल के खिलाफ चल रहे युद्ध ने ईरान की सरकार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है, जिससे उसके लिए फैसले लेना और बड़े स्तर पर जवाबी हमलों का समन्वय करना कठिन हो गया है.

युद्ध शुरू होने के 4 हफ्तों में ईरान के कई बड़े नेता और उनके सहयोगी मारे जा चुके हैं, जो जीवित बचे हैं, उन्हें आपस में संवाद करने में कठिनाई हो रही है और वे आमने-सामने मिलने से भी बच रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अमेरिका या इजरायल उनकी बातचीत को इंटरसेप्ट कर सकते हैं और उन्हें हवाई हमलों का निशाना बना सकते हैं।

## बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** और आसपास के इलाकों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। इसी को देखते हुए मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए दिल्ली-एनसीआर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज धूप और तपती गर्मी के बाद, दोपहर को आसमान में बादल छाने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को काफी राहत मिली है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से मौसम सुहावना हो गया है।

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए दिल्ली-एनसीआर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, राजधानी और आसपास के शहरों में हल्की बारिश के साथ-साथ तेज आंधी चलने की संभावना है। कुछ जगहों पर बिजली कड़कने और बादल गरजने के आसार भी जताए गए हैं। इससे बढ़ते तापमान में गिरावट आएगी और शाम के समय ठंडक महसूस होगी।

अप्रैल के शुरूआती दिनों का हाल

अप्रैल महीने की शुरूआत भी राहत भरी रहने वाली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 3 और 4 अप्रैल को दिल्ली में फिर से हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। अगले दो-तीन दिनों तक आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। हालांकि सोमवार दोपहर तक तेज धूप की वजह से लोग परेशान थे, लेकिन शाम को हुई वर्षा के बाद अब गर्मी से काफी हद तक निजात मिल गई है।

## फर्जी वोटर घुसाकर लोकतंत्र की चोरी कर रही है बीजेपी




**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि मैंने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ रची जा रही गंभीर साजिश पर गहरी चिंता व्यक्त की है। भाजपा के एजेंट पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन भेजकर गैर-निवासियों और बाहरी लोगों को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। यह मतदाता अपहरण का प्रयास है, वही गंदा खेल जो भाजपा ने महाराष्ट्र और दिल्ली में सफलतापूर्वक खेला है। वास्तविक मतदाता आवेदनों के निपटारे में देरी की ओर इशारा करते हुए बनर्जी ने दावा किया, ह्लजबकि 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता अभी भी विचाराधीन हैं और दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के कारण 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, चुनाव आयोग अब संदिग्ध रूप से बंद दरवाजों के पीछे इन फर्जी आवेदनों पर कार्रवाई करने में जल्दबाजी कर रहा है।

यह न केवल अवैध है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध है, बल्कि बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर सीधा हमला है।

## किरेन रिजिजू ने की राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ की मांग



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने वामपंथी उग्रवाद से जुड़े व्यक्तियों से मुलाकातों के संबंध में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ की मांग की है। 31 मार्च को नई दिल्ली में बोलते हुए, रिजिजू ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ सरकार के प्रयासों पर दिए गए बयानों का जवाब दिया। रिजिजू ने कहा कि नक्सलवाद पर केंद्र का रुख बिल्कुल स्पष्ट है और यह उग्रवादी विचारधारा से जुड़ी वर्षों की हिंसा पर आधारित है।

रिजिजू ने कहा कि अगर आप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बयान ध्यान से सुनें, तो यह बिल्कुल स्पष्ट है। जब वामपंथी उग्रवाद पूरे देश में फैला, तो आम लोगों ने अपनी जान गंवाई, हजारों सुरक्षा बलों के जवान शहीद हुए, यहां तक ??कि कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी मारे गए। विपक्ष को सीधे संबोधित करते हुए रिजिजू ने आगे कहा कि अब राहुल गांधी और सोनिया गांधी वामपंथी उग्रवाद और माओवादी विचारधारा फैलाने वाले नेताओं से मिल रहे हैं। इसलिए, सिर्फ हमसे सवाल न करें।

## 'पिंक सहेली कार्ड' पर फैली अफवाहों को किया खारिज

## आप जानबूझकर फैला रही है भ्रम- रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 'सहेली पिंक कार्ड' योजना को लेकर फैली अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि महिला यात्रियों के लिए शुरू की गई यह पहल पूरी तरह से कारगर है और इसमें कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री ने  पर एक पोस्ट में अपने राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वे महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों से असहज हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि लड़कियों के साइकिल चलाने से उन्हें परेशानी होती है झ तो 'सहेली पिंक कार्ड' उन्हें भला कैसे आकर्षित करेगा?

गुप्ता ने दोहराया कि पिंक सहेली कार्ड योजना सुचारू रूप से चल रही है और राष्ट्रीय राजधानी भर की महिलाओं को इससे लगातार लाभ मिल रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि पिंक सहेली कार्ड पूरी तरह से काम कर रहा है। इससे मुफ्त यात्रा मिलती है। बस टैप करें। चिंता मुक्त यात्रा करें। अपने बयान के साथ जारी एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने योजना के बारे में फैलाई जा रही ह्लझूठी अफवाहोंह्व का खंडन किया। उन्होंने दावा किया कि कुछ राजनीतिक तत्व जानबूझकर अफवाहें फैला रहे हैं ताकि कार्ड का उपयोग करने वाली महिला उपयोगकर्ताओं के बीच भ्रम पैदा हो सके।

इस योजना के तहत, भाजपा सरकार ने पूर्व आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा 2019 में शुरू की गई गुलाबी कागज की टिकट प्रणाली को केंद्र की 'एक राष्ट्र, एक कार्ड' पहल के तहत गुलाबी एनसीएमसी कार्ड से बदल दिया है, जिससे केवल दिल्ली निवासियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा था कि इस कार्ड से मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का सशुल्क उपयोग भी एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से संभव हो सकेगा।

## यूपी में इस समाज के लिए सेंधमारी तेज, 3% वोट बैंक पर दांव खेलने में जुटे सियासी दल

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की सियासत में इन दिनों पाल समाज को लेकर हलचल तेज हो गई है. करीब 40-41प्रतिशत ओबीसी आबादी वाले प्रदेश में पाल समाज की हिस्सेदारी लगभग 3 प्रतिशत मानी जाती है. भले ही यह आंकड़ा बहुत बड़ा न दिखे, लेकिन कई जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में पाल समाज निर्णायक भूमिका में माना जाता है. यही वजह है कि प्रमुख राजनीतिक दल इस समुदाय को साधने में जुट गए हैं.

राजनीतिक विश्लेषक योगेश मिश्रा के मुताबिक, ओबीसी वोट बैंक में यादव (करीब 9-10%) और कुर्मी (4-5%) के बाद अन्य जातियों में पाल समाज का प्रभाव कुछ क्षेत्रों में खासा असरदार है. ऐसे में 3 प्रतिशत का यह वर्ग करीबी मुकाबले वाली सीटों पर जीत-हार तय करने की क्षमता रखता है.

सपा में श्यामलाल पाल संभालेंगे पार्टी की कमान

समाजवादी पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में बदलाव कर पाल समाज को प्रतिनिधित्व दिया. उन्होंने श्यामलाल पाल को अध्यक्ष बनाया. पार्टी का दावा है कि इसका सकारात्मक असर कई सीटों पर देखने को मिला।

## दूध से कमाई, गोबर से गैस, योगी सरकार की पहल से ग्रामीण महिलाओं की बदली जिंदगी



**उत्तर प्रदेश**

**योगी** सरकार के प्रयासों से डेयरी सेक्टर से जुड़ी महिलाओं को दोहरा लाभ मिल रहा है. उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोडयूसर्स ऑर्गनाइजेशन की सदस्य/शेयरहोल्डर बनीं महिलाओं ने न केवल आजीविका को सुदृढ़ किया है, बल्कि अब उनके घर की ईंधन संबंधी जरूरतें भी मुफ्त में पूरी होती दिख रही हैं. इस एमपीओ ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से शुरूआती चरण में 100 सदस्य महिलाओं के घर घरेलू बायोगैस प्लांट स्थापित कराया है. इससे इन महिलाओं की रसोई अब गोबर गैस से पकने लगी है. प्लांट का अवशेष खेती के लिए जैविक खाद के रूप में काम आ रहा है. एमपीओ का लक्ष्य हर सदस्य महिला के घर घरेलू बायोगैस का प्लांट स्थापित करने का है.

सीएम योगी का विजन हुआ सफल

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन का गठत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से हुआ है. वर्ष 2019 में बनी बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी से जुड़ी महिलाओं द्वारा डेयरी सेक्टर में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान और इसके जरिये लिखी जा रही महिला स्वावलंबन की कहानी को देखते हुए सीएम योगी ने अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी वाले मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) बनाने के निर्देश दिए थे. इसी क्रम में गोरखपुर में श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से किया गया.

51 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित

करीब ढाई साल पहले क्रियाशील हुई इस एमपीओ के जरिये डेयरी सेक्टर से जुड़कर पूर्वी उत्तर प्रदेश की 51000 से अधिक ग्रामीण घरेलू महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन की राह पकड़ ली है. ये महिलाएं घरेलू कामकाज निपटाने के साथ ही दुग्ध उत्पादन/संग्रह के रोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिकी को भी मजबूत कर रही हैं.

एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि कम समय में ही, सदस्य महिलाओं के परिश्रम से एमपीओ का टर्नओवर करीब 200 करोड़ रुपये का हो चुका है. यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की कहानी है. सीईओ का कहना है कि एमपीओ की इस शानदार उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन का परिणाम है. उनकी प्रेरणा और दूरदर्शी दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रही हैं.

100 बायोगैस प्लांट लगाए गए

एमपीओ ने अब सदस्य महिलाओं को दोहरा लाभ दिलाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है. इसके जरिये सदस्यों के घरों के पीछे अब तक 100 घरेलू बायोगैस संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं.

एमपीओ के सीईओ बताते हैं कि यह पहल ग्रामीण परिवारों के लिए स्वच्छ ऊर्जा, अतिरिक्त बचत तथा सतत आय का एक प्रभावी माध्यम बन रही है.

पशुओं के गोबर से तैयार होने वाली बायोगैस दिन-रात उपलब्ध रहती है, जिससे परिवारों को रसोई गैस की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होती है।

# शिखर की उड़ान थीम पर सजा जेनिथ मॉडल स्कूल का वार्षिकोत्सव, देर रात तक गूंजती रहीं तालियां

**अखंड भारत संदेश**





**शंकरगढ़।** रानीगंज पगुवार स्थित जेनिथ मॉडल स्कूल का चौथा वार्षिकोत्सव सोमवार को देर रात तक बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम (शिखर की उड़ान) रखी गई, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने अंब्रेला डांस, ग्रुप डांस, नाटक, किसानों की व्यथा और बचपन की झलक दिखाने वाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे परिसर को उत्सव में बदल दिया और देर रात तक तालियों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम के दौरान कई विशिष्ट जनों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय के संस्थापक मनीष सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जेनिथ मॉडल स्कूल स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य गांव के बच्चों को शहर जैसी बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को नई दिशा देने का सबसे बड़ा माध्यम है और इसी सोच के तहत इस वर्ष भी दो गरीब किसानों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

विद्यालय की प्रिंसिपल प्रियंकला सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच होता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। विद्यालय का प्रयास है कि शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों को भी बच्चों में विकसित किया जाए, ताकि वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।इस अवसर पर डायरेक्टर समरजीत सिंह,सुनील सिंह, प्रधान शैलेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, दीवान सिंह, डॉ. बबिता सिंह, सुनीता सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुधा सिंह, शिवेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, ऋतिक, वी.पी., आशीष, जाह्नवी, स्वाति, वंदना, सीमा, रूपेश, विजय, माही, फौजिया, रितु, श्वेता, नैन्सी, ईशा, रेशमा, सुष्मिता, मुस्कान, रोशनी, माहिया, शशी, अंजू, धीरेन्द्र, दीपक सहित विद्यालय परिवार और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# विवाहिता का शव मायके में छोड़ा : भाग रहे पति को ग्रामीणों ने पकड़ा





**मांडा ।** थाना क्षेत्र के दोहथा गांव में एक विवाहिता का शव उसके मायके में छोड़कर भाग रहे पति को ग्रामीणों ने पकड़ा। यह घटना रविवार रात लगभग एक बजे हुई, जब पति प्रेम कुमार शव को दरवाजे पर रखकर भागने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों ने उसे दोहथा से दो किलोमीटर दूर परोहनी गांव के पास पकड़ लिया।

मृतक नीलम (27 वर्ष) दोहथा गांव निवासी झुरु प्रसाद आदिवासी की बेटी थी। उसकी शादी मिजार्पुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी प्रेम कुमार से हुई थी। शादी के दो साल बाद प्रेम कुमार नीलम को अपने साथ मुंबई ले गया था। पूछताछ में पति प्रेम कुमार ने बताया कि 27 मार्च की रात नीलम ने मुंबई में किसी बात से नाराज होकर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम के बाद वह शव को दोहथा गांव ले आया था। लंबी पंचायत और पूछताछ के बाद परिजनों ने स्थानीय डेंगुरपुर गंगा घाट पर नीलम का अंतिम संस्कार किया। नीलम के दो बेटे हैं, जिनमें अंकुर छह वर्ष और अंशू दो तर्ष का है।

# मांडा में हाईवोल्टेज तार गिरने से खेत में लगी आग



**ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ा नुकसान टला, दमकल की मांग**

**मांडा।** क्षेत्र के दिधिया गांव में सोमवार दोपहर एक हाईवोल्टेज तार टूटकर गेहूं के खेत में गिर गया, जिससे आग लग गई। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा नुकसान होने से बच गया। यह घटना राम वृक्ष यादव के खेत में हुई, जहां पके गेहूं की फसल खड़ी थी। तार गिरते ही खेत में तेजी से आग फैलने लगी। शोर सुनकर परिवार के सदस्य और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मिलकर किसी तरह आग बुझाई। उनकी सतर्कता के कारण केवल दो बिस्वा गेहूं ही जल पाया। तेज हवा के बावजूद आग की लपटें ज्यादा फैल नहीं पाईं, जिससे एक बड़ी क्षति टल गई। किसानों ने बताया कि मांडा क्षेत्र में आग लगने पर दमकल मेजा तहसील मुख्यालय से आती है, जिसमें काफी समय लग जाता है और तब तक अक्सर भारी नुकसान हो चुका होता है। किसानों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांडा थाना मुख्यालय पर दमकल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# देवबरा : राजा जी खजनवा दे द, रानी जी गहनवा दे द गूंजा, तो श्रद्धालू झूम उठे

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** श्रीराम कथावाचक राजन जी महाराज ने चौथे दिन श्रीराम कथा में प्रभु श्रीराम की बाल लीला को सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। राजा जी खजनवा दे द, रानी जी गहनवा दे द मनोहारी सोहर की प्रस्तुति पर उपस्थित लोग झूम उठे। प्रभु श्रीराम के चूड़ा कर्म, नामकरण और यज्ञोपवित संस्कार की कथा जब राजन जी महाराज ने सुनाया तो उपस्थित श्रद्धालुजन भाव विभोर हो गए। राजन जी महाराज ने कहा कि अयोध्यानगरी में भगवान श्री राम के जन्म के बाद से ही उत्सवी माहौल बन गया है। पूरे वातावरण में पवित्र सुगंध व्याप्त हो गया है। जिसका नाम सुनने मात्र से जीवन धन्य धन्य हो जाता है, ऐसे प्रभु बालरूप श्रीराम को पाकर अयोध्यानगरी निहाल हो गई है। नामकरण संस्कार के दौरान ही गुरुजी ने कहा कि राम आनंदस्वरुप है तो भरत प्रेम की मूर्ति, शत्रुघ्न मौन पात्र तो लक्ष्मण सेवा के पर्याय। कथा वाचक राजन जी ने कहा कि श्रीराम कथा के दौरान कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद वहीं है जो बताया न जा सके। आनंद अनुभव की चीज है। उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। उसे बताया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान का भजन करना कोई मुश्किल काम नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बुरी आदत हो तो उसे सुधारना ही भजन होता है। आदतों में सकारात्मक सुधार ही भजन होता है। मन की तरंगों पर नियंत्रण रखना ही भजन होता है। जब मन से, कर्म से, वचन से चतुराई का जब लोप हो जाता है तो जीवन सरल हो जाता है और भगवान की प्राप्ति संभव होती है। ज्ञान की प्राप्ति के लिए विद्यालय अनुपम स्थल हैं उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के लिए विद्यालय अनुपम स्थल हैं लेकिन विद्यालयों में संस्कार और विवेक के बारे में भी शिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसके विविध सकारात्मक प्रतिफल प्राप्त हो सकते हैं। बिना सत्संग के विवेक कहां हो सकता है। भगवान की कृपा जिस पर होती है उसे ही सत्संग का सुअवसर मिलता है। यहां सीवान के इस कथा पांडाल में जितने भी श्रद्धालु बैठे हैं सभी पर प्रभु श्रीराम की विशेष कृपा है, तभी भगवान की महिमा का गुणगान हम सभी कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तरह के विकास में सहभागी बने परंतु अपने सांस्कृतिक जड़ों को सदैव मजबूत रखें , जितना आपका जड़ मजबूत होगा , उतना ही आपका विकास शाश्वत होगा। असुरों के आतंक से पीड़ित मुनि विश्वामित्र के अयोध्या में राजा दशरथ के राजदरबार में आने और उनके आदर सत्कार के प्रसंग का जिक्र करते हुए राजन जी ने कहा कि आतिथ्य सत्कार में भाव की निर्मलता बेहद महत्वपूर्ण तथ्य होती है। कथा की शुरूआत यजमान गण द्वारा श्रीराम चरित मानस की आरती से हुई। अतिथियों का स्वागत श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक राधे मोहन पांडेय, विकास इलाहाबादी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री संजय जोशी, सांसद विनोद बिंद, पूर्व? विधायक उदयभान करवरिया, ब्लाक प्रमुख ज्योति यादव, समाजसेवी गरुण पांडेय, जवाहर लाल शुक्ल, सुशील तिवारी, भोलानाथ त्रिपाठी, अंकित शुक्ल, अनूप शुक्ल, गंगाधर शुक्ल, शुभम शुक्ला, मोहन उपाध्याय, बबलू सिंह, राजा मौर्य, मनीष केसरवानी, पंकज शुक्ला, आलोक सिंह, सत्यम तिवारी एवं कानून व्यवस्था हेतु एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय, थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र दर्जनों महिला पुरुष पुलिसकर्मी कथा स्थल प्रांगण में भ्रमण करते रहे।

# सहसों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न कार्यकर्ताओं को दी गई संगठनात्मक जानकारी



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार द्वारा मंडल सहसों में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन सोमवार को छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना और संगठनात्मक कौशल का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग को कुल सात सत्रों में विभाजित किया गया, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यशैली की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी एवं गंगापार जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल ने बताया कि पहले दिन तीन सत्र आयोजित हुए। इनमें पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल पांडे, जिला महामंत्री संतोष कुमार शुक्ला तथा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बौद्धिक विकास, संगठन की रीति-नीति और पार्टी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। दूसरे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई, जिसके बाद सुरेश चंद्र विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष विजय पटेल तथा जिला मीडिया सोशल प्रभारी दीपक त्रिपाठी ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने रात्रि विश्राम और भजन संध्या में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहां गीत-संगीत के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और संघर्षों को प्रस्तुत किया गया।

समापन दिवस पर गंगापार जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने मुख्य अतिथि को पट्टा और महात्मा बुद्ध की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, शिव बाबू केसरवानी, राकेश बहादुर सिंह, शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, अभिनव ओझा, मनोज त्रिपाठी, सत्यम सिंह, सुभाष चंद्र शुक्ला, राजधर द्विवेदी, दया सिंह, संजय सिंह, प्रवीण जायसवाल, विजय लक्ष्मी चंदेल, जयेश केसरवानी, प्रहलाद मोदनवाल, डॉ. राजेंद्र वर्मा, शकुंतला शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीबीआर अकैडमी भरहा में छात्रों को वार्षिकोत्सव में दिया गया प्रशस्ति पत्र व मेडल

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र स्थित पी बीआर अकैडमी भरहा करछना प्रयागराज में आज वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वैचारिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में राम मनोहर पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल (यस)यमुना पार प्रयागराज दिनेश कुमार वर्मा प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष वैचारिक शिक्षक संघ एवं डॉक्टर अजय सिंह पटेल उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अभिभावक कृष्णकांत द्विवेदी ने की विद्यालय के प्रबंधक ए पी सिंह ने शैक्षिक सत्र 2025 -26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल ट्रॉफी प्रदान करके शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर ज्ञान प्रकाश ने अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील किया और बताया कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने का कार्य करें उनके लिए धन भवन जमीन इकट्ठा करने में पूरा समय खर्च करने के बजाय उनके साथ मैत्री स्वभाव रखते हुए सही दिशा देने का कार्य करें शिक्षा जीवन का प्रकाश है जिसे हासिल कर लेने के पश्चात वह जीवन के सभी क्षेत्रों में अग्रणी स्थान हासिल कर लेगा इस अवसर पर यस आर सिंह सविता रानी सुचित्रा सिंह संजना सिंह दीपक पटेल अर्पित सिंह अंकित सिंह सुमन पटेल गायत्री मिश्रा अजीत यादव प्रतिमा पटेल प्रतिमा यादव आकांक्षा सिंह रितु कौर सुधा विश्वकर्मा अंकिता सिंह प्रतीक्षा सिंह विद्या नी चौरसिया बेटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज के दो युवाओं का पीसीएस में चयन,

**पंकज सोनकर नायब तहसीलदार, कविता यादव सीटीओ बनीं**





**मांडा।** प्रयागराज से दो युवाओं ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में सफलता हासिल की है। मेजा के पंकज सोनकर का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है, जबकि मांडा की कविता यादव को कामर्शियल टैक्स ऑफिसर (सीटीओ) का पद मिला है। इस उपलब्धि से उनके परिवारों और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

पंकज कुमार सोनकर प्रयागराज के मेजा स्थित पकरी सेवार गांव के निवासी हैं। उनके पिता महेंद्र कुमार सोनकर श्रृंगी इंटर कॉलेज, घटवा करछना, प्रयागराज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। पंकज वर्तमान में राजस्व लेखपाल के रूप में सेवा दे रहे हैं।

पंकज की प्रारंभिक शिक्षा उनके पैतृक गांव पकरी से हुई, जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने नैनी, प्रयागराज से पूरी की। वह तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े हैं। उनके छोटे भाई दीपक सोनकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और इस बार पीसीएस 2025 की मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। सबसे छोटे भाई ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। पंकज ने अपने दादा विजय बहादुर सोनकर की प्रेरणा और आशीर्वाद से यह सफलता प्राप्त की है।

वहीं, मांडा क्षेत्र के चिलबिला गांव की कविता यादव ने भी पीसीएस परीक्षा में कामर्शियल टैक्स ऑफिसर के पद पर सफलता पाई है। ओम प्रकाश यादव की बेटी कविता शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने वर्ष 2008 में हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में टॉप किया था।

कविता ने अपने पहले ही प्रयास में यूपीपीसीएस परीक्षा में 83वीं रैंक हासिल कर कामर्शियल टैक्स ऑफिसर का पद प्राप्त किया। उनके पिता ओम प्रकाश यादव वर्तमान में फिरोजाबाद में बीडीओ के पद पर कार्यरत हैं। कविता के दोनों भाई, मोहन और कृष्ण मोहन, वर्तमान में चल रही पीसीएस परीक्षा में शामिल होने के लिए लखनऊ गए हुए हैं। कविता अपने दो भाइयों की इकलौती बहन हैं। उनकी और उनके भाइयों की शिक्षा कानपुर शहर में हुई है। वे साल में एक-दो बार अपने पैतृक गांव चिलबिला अवश्य आते हैं। कविता की इस सफलता पर मांडा के चिलबिला गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य और सपा नेता प्रमिल यादव सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### अटल वयो अभ्युदय योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम हुई आयोजित।



**उतराव।** हंडिया तहसील के अंतर्गत निमिथरिया गांव में स्थित के. डी. पब्लिक इंटर मिडियट कालेज में मंगलवार को आयोजित ग्रामोदय शिक्षा संस्थान के मध्यम से अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में डिजिटल एव वित्तीय साक्षरता, पेंशन योजना, बैंक से समन्धित जानकारी, सरकार से मिलने वाले वरिष्ठ नागरिकों को लाभ की जानकारी दी गयी। अटल वयो अभ्युदय योजना का उद्देश्य 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना बुजुर्गो को गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता करती है ।कार्यक्रम में गांव व क्षेत्र के लगभग 100 वृद्धजन उपस्थित रहे ।इस मौके पर संस्था के सचिव हरगेंद सिंह, संस्था की अध्यक्ष सविता सिंह, धीरूभाई अंबानी पब्लिक स्कूल के कार्यवाहक राजकमल सिंह, कला एव संस्कृति संस्थान के अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह, कालेज के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान व फल वितरित किया कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी प्रभाकर सिंह द्वारा किया गया।

### पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे



**प्रयागराज।** शासन की मंशा के अनुरूप आज कंपोजिट विद्यालय मुबारकपुर फूलपुर प्रयागराज में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया रिपोर्ट कार्ड के साथ दिए गए निर्देश के क्रम में बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार पुरस्कार भी वितरित किए गए पुरस्कार के लिए शासनादेश के निदेर्शों का पालन किया गया पुरस्कार में लंच बॉक्स पानी की बोतल के साथ पेन रखने के लिए पाउच दिए गए। प्रधानाध्यापक नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान मुबारकपुर रीता देवी मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित रहीं तथा पुरस्कार वितरण में सहयोग किया साथ ही बच्चों का रोरी तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। मिष्ठान खिलाए गए। आरती उतारी गई। पुष्प वर्षा की गई । पुरस्कार वितरण के लिए समस्त बच्चों को टिफिन बोतल पेन रखने के लिए पाउच दिए गए तथा विशेष योग्यता वाले बच्चों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल के साथ प्रमाण पत्र भी दिए गए। कंपोजिट विद्यालय होने के नाते कक्षा एक से आठ तक कुल बच्चों में से 60 बच्चे कक्षा 8 उत्तीर्ण किए। कक्षा अध्यापिका मंजू ने बच्चों को लोरी लगाया। रश्मि शर्मा ने बच्चों को मिष्ठान खिलाया साथ ही आशा देवी संगीता ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का अभिवादन किया। रिशु,अमन, रोहित बच्चों ने क्रीडा प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुभम यादव, चित्रकला में ज्योति भारतीय,वार्षिक परीक्षा फल में सुधांशु मौर्य,रागिनी पटेल ,अंजलि तथा श्रेया पटेल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों को भी मेडल तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक नीरज सिंह ने समस्त बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी। अध्यापक अवधेश त्रिपाठी ने बच्चों के आशीर्वाद देते हुए अध्ययन अध्यापन से जुड़े रहने की अपील किया। अंत में विशेष पकवान के साथ समस्त स्टाफ ने बच्चों को भोजन कराया और कार्यक्रम को समाप्त घोषित किया गया।

### एससी एसटी एक्ट में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** आवारा कुत्ते से कटवाने और मार पीट कर जाति सूचक गली दी गई। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासनीय संगीता देवी पत्नी राम नरेश का आरोप है कि उसकी बेटी शिवानी को पड़ोसी आवारा कुत्ते से कटवा दिए। विरोध पर पड़ोसी मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां दी। संगीता देवी ने मऊआइमा थाना में तहरीर दे कर सूर्यभान, चन्द्रभान,रमही देवी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है।

# देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी कार्तिक यादव का चयन सेन्ट्रल ऑफ एक्सीलेंट में

**आईपीएल के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम में नेट बॉलर के रूप में हुआ चयन**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कार्तिक यादव पिछले दिनों उत्तर प्रदेश लीग टी - 20 काशी रुद्रा टीम से खेलते हुए मैचों में 14 विकेट चटकाने में कामयाब रहे उसके बाद कार्तिक यादव का सिलेक्शन 23 सीके नायडू ट्रॉफी में हुआ कार्तिक यादव 23 सीके नायडू ट्रॉफी के पहले मैच हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 10 विकेट झटके दूसरे मैच में कर्नाटक के विरुद्ध 8 विकेट तीसरे मैच में रेलवे के खिलाफ 11 विकेट लेने में सफल रहे इस प्रकार कार्तिक यादव ने 23 सीके नायडू ट्रॉफी में कुल 29 विकेट लेने में कामयाब रहे। इसी शानदार एवं जबरदस्त प्रदर्शन को देखते हुए रणजी - ट्राफी मे चयन हुआ। 2025 - 26 सीजन में उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर कार्तिक यादव ने तमिलनाडु के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लेने में कामयाब रहे। इन्हीं सभी प्रदर्शनों को देखते हुए कार्तिक यादव का सिलेक्शन आई पी एल टी - 20 दिल्ली कैपिटल्स टीम में नेट बॉलर के रूप में चयन हुआ साथ ही उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से 2 खिलाड़ियों का चयन सेंटर ऑफ एक्सीलेंट (सीओई ) में हुआ जिसमें एक नाम कार्तिक यादव का शामिल है सी ई ओ में पूरे भारत से लगभग 30 से 40 खिलाड़ियों का चयन होता है यह मुख्य रूप से बी सी सी आई का आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र (जैसे बेंगलुरु में) है, जहाँ खिलाड़ियों के फिटनेस, कौशल विकास, और पुनर्वास का काम होता है। उद्देश्यः खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना और चोट से उबरने में मदद करना। यहाँ 40 से ज्यादा तरह की पिचें, अत्याधुनिक जिम, आदि मौजूद हैं। स्थानः बेंगलुरु में स्थित, जो पहले एन सी ए (नेशनल क्रिकेट अकादमी ) के रूप में जाना जाता था। इस उपलब्धि पर कार्तिक यादव को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कोच रामचन्द्र प्रजापति ने कहा कि कार्तिक यादव का जन्म भले ही गाजीपुर में हुआ लेकिन उनकी शिक्षा की नींव प्रयागराज के शान्तिपुरम से ही हुई। उनके पिता सुरेश कुमार यादव, माता सरिता यादव, आयु 18 साल गेंदबाजी लेफ्ट आर्म स्पिन बैटिंग लेफ्ट हैंड कार्तिक यादव की अभी तक की उपलब्धियां फतेहपुर हॉस्टल 2018 अडर - 19 बिनू मांकड ट्रॉफी, 2022- 23 और अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी, 2022 - 23 सैयद मुश्ताक अली कप, 2023 एयर इंडिया, 2024 एफसीआई, 2025 नेट बॉलर इंडिया बनाम बांग्लादेश, टेस्ट मैच उत्तर प्रदेश प्रीमियम पहला वर्ष 2023 कानपुर सुपरस्टार, 2024 नोएडा किंग, 2025 काशी रुद्राक्ष इस सीजन का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस बेस्ट बॉलर इकोनामी अवार्ड बेस्ट कैच अवार्ड जैसे उपलब्धियां शामिल एक और उपलब्धि कार्तिक यादव का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स की टीम में नेट बॉलर के रूप में एवं सीओई में सिलेक्शन होने से उनके प्रारंभिक कोच रामचंद्र प्रजापति एवं देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के खिलाड़ीयों में उत्साह की लहर है। आगे प्रदर्शन इसी तरह से जारी रहे हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं की एक दिन भारतीय टीम का हिस्सा बने और अपने गांव शहर जिला मां बाप एवं गुरुओं का नाम गर्व से ऊँचा करते रहें।

# चका में डिस्ट्रिक्ट लेवल डे-नाइट वालीबाल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** प्रयागराज के सैदाबाद क्षेत्र के चका में अखिल भारतीय चका स्पोर्ट्स ट्रस्ट द्वारा डिस्ट्रिक्ट लेवल डे-नाइट वालीबाल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 प्रमुख टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

टूनार्मेंट में रहीम पट्टी, काजीपुर, अंसार क्लब मंडौर, जगतपुर, फूलपुर, सिद्दीकी क्लब मंडौर, धनुपुर, दम गड़ा, ढोली सैदहा, कान्हा स्टेडियम संसारीपुर, गोपालीपुर, यासीनपुर, जैतापुर और भोपतपुर समेत दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र पटेल रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देते हैं।

ट्रस्ट के डायरेक्टर अभिषेक खन्ना ने बताया कि टूनार्मेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अश्वनी कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश, प्रधान सचिव सुनील सहित सदस्य अनिल पाल, उमेश चंद जायसवाल, रविंद्र पाल, लव जायसवाल, अंकित, आत्माराम सरोज, संजू और चम्पा देवी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैचों का संचालन रेफरी अकांत गुप्ता, सुनील, संदीप शर्मा और दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया, जबकि कमेंट्री की जिम्मेदारी भी अभिषेक खन्ना ने संभाली।

पूरे आयोजन को डे-नाइट प्रारूप में कराया गया, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव,प्रधान रमेश,शंभू दादा,सोनू पाल फ२२ ,प्रदीप सिंह,राज,आकाश,रंजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में 1.45 करोड़ की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, अवैध असलहा भी बरामद

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स टास्क फोर्स और धूमनगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 727 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.45 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा एक अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की गई है।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर टीम ने धूमनगंज क्षेत्र स्थित नेहरू पार्क खंडहर के पास छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में ताड़बाग सुलेमसराय निवासी दीपक कुमार गौतम, अटरामपुर नवाबगंज निवासी आशीष कुमार मौर्य और सुलेमसराय नई बाजार निवासी विवेक कुमार शामिल हैं।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से छह पैकेट में रखी 727 ग्राम स्मैक बरामद हुई। साथ ही चार मोबाइल फोन, 4940 रुपये नकद और दीपक कुमार के पास से एक अवैध .315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस भी मिले।इस मामले में धूमनगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी दीपक कुमार गौतम पर पहले से एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामलों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं विवेक कुमार पर भी पूर्व में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हो चुका है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्मैक की सप्लाई करता था। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। इस सफलता पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) ने कार्रवाई करने वाली संयुक्त टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## प्रयागराज में जाली नोट गिरोह का पदार्फाश, चार आरोपी गिरफ्तार लैपटॉप-प्रिंटर से करते थे नोटों की छपाई



**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोट बनाने और खपाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.18 लाख रुपये के नकली नोट, कार, बाइक और नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात करीब 10 बजे हबूसा मोड़ के पास संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में भदोही के सरायकंसराय निवासी राहुल यादव, गोकूलपट्टी निवासी विवेक कुमार यादव तथा देवरिया के बैतालपुर निवासी नरेन्द्र यादव उर्फ विराट और महाराजगंज निवासी धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 500 रुपये के 200 और 100 रुपये के 183 नकली नोट बरामद हुए। इसके अलावा एक वैगन-आर कार, एक पल्सर बाइक, एक लैपटॉप, दो प्रिंटर, पांच मोबाइल फोन और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला कागज व अन्य उपकरण भी मिले। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह सुनियोजित तरीके से जाली नोट तैयार कर उन्हें बाजार में खपाता था। आरोपी छोटे ग्रामीण बाजारों में 100 से 500 रुपये तक के नोट चलाकर लोगों को चकमा देते थे। नोटों की छपाई देवरिया में किराये के कमरे में की जाती थी। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह का संचालन देवरिया निवासी एक अन्य आरोपी के निर्देशन में किया जा रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। इस मामले में सरायइनायत थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# फेसबुक पर डॉ. अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी से बवाल कर्नलगंज थाने पहुंचे अधिवक्ता, गिरफ्तारी की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मंगलवार को शहर में आक्रोश फैल गया। विरोध स्वरूप बड़ी संख्या में अधिवक्ता कर्नलगंज थाने पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ताओं ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि ह्यरूपम मिश्राह्ल नाम की फेसबुक आईडी से एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की गई है, जिसमें संविधान निमार्ता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। वकीलों का कहना है कि पोस्ट में लिखी बातें इतनी आपत्तिजनक हैं कि उन्हें सार्वजनिक रूप से दोहराया भी नहीं जा सकता। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता मदन सरोज ने कहा कि यह देश के संविधान और उसके निमार्ता का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद




अधिवक्ताओं का प्रदर्शन शांत हुआ, लेकिन उन्होंने पुलिस को जल्द कार्रवाई के लिए अल्टीमेटम दिया है।

# छिवकी स्टेशन पर टिकट संबंधी कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी छिवकी स्टेशन पर टिकट संबंधी फ्रॉड की रोकथाम के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन मुख्य वाणिज्य निरीक्षक प्रयागराज छिवकी ओम प्रकाश के नेतृत्व में किया गया। यह कार्यशाला मण्डल कार्यालय के पत्र अनुपालन में आयोजित की गई। जिसमें टिकट चेकिंग स्टाफ, बुकिंग स्टाफ तथा एटीवीएम फैसिलेटर ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विशेष रूप से यूटीएस टिकटों में हो रहे फजीवाड़े की पहचान और उसकी रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही चेकिंग के दौरान आरक्षित टिकटों की प्रभावी जांच, संदिग्ध परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले कदम तथा सतर्कता बढ़ाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य वाणिज्य निरीक्षक प्रयागराज छिवकी ओम प्रकाश के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य टिकट निरीक्षक स्टेशन शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य टिकट निरीक्षक लाइन ए. के. घोष, मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक गुड्डू पासवान, मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक जैनेन्द्र कुमार, रूपाली (सीबीएस), अर्चना सिंह (टीटीई), तथा डिप्टी सीआईटी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य चेकिंग एवं बुकिंग स्टाफ तथा एटीवीएम फैसिलेटर उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों को टिकट फ्रॉड के प्रति जागरूक रहने और यात्रियों के साथ सतर्कता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि रेलवे की आय की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मेजा बार एसोसिएशन चुनाव : मंत्रीपद प्रत्याशी मनोज शुक्ला के समर्थन में वरिष्ठ अधिवक्ता केके त्रिपाठी ने संभाली कमान

मेजा बार के स्तंभ माने जाने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णा कांत त्रिपाठी ने क्षेत्र में स्वयं के नेतृत्व वाली टीम के साथ के किया इंट्री क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क कर बड़ी जीत दर्ज कराने का खोला मोर्चा

**कहा - मेजा बार चुनाव कोई आम चुनाव नहीं,विद्वान अधिवक्ताओं के मान सम्मान और सुरक्षा का है बड़ा सवाल, इस चुनाव से तय होगी बार की दिशा और दशा, साथ ही होगा अभूतपूर्व परिवर्तन**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा बार एसोसिएशन चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है अध्यक्ष और मंत्री पद हेतु चुनावी सरगर्मियां तेज और दिलचस्प होती जा रही है। ऐसे में मेजा बार के वरिष्ठ अधिवक्ता प. कृष्णाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व वाले गुट के जूनियर और सीनियर अधिवक्ताओं ने मंत्री पद के सुयोग्य, ईमानदार, जुझारू और कर्मठ युवा अधिवक्ता प्रत्याशी मनोज कुमार शुक्ला के समर्थन में बड़ी जीत दिलाने के लिए स्वयं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री त्रिपाठी दर्जनों लोगों के साथ मैदान में आकर जहां इस चुनावी महासंग्राम में बतौर भगवान श्रीकृष्ण कमान संभाल लिए हैं वहीं व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार और जनसंपर्क करते हुए विजय का मोर्चा भी खोल दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन मेजा की नई कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के गठन हेतु आगामी 10 मार्च को अध्यक्ष और मंत्री के साथ साथ कई अन्य पदों हेतु चुनाव होना है जिसको लेकर इस चुनावी जंग में अपने अपने भाग्य को आजमाने कूदे सभी पदों के प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दिया है। बता दें कि जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है प्रत्याशियों की चुनावी सरगर्मियां बढ़ती हैं। सभी पदों के प्रत्याशी रात दिन चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में तेजी से लगे हुए हैं। ऐसे में पूरे तहसील के दुलेरुवा कहे जाने वाले सौम्य व सरल स्वभाव तथा ईमानदार व्यक्तित्व के मंत्रीपद के युवा उम्मीदवार तथा मेजा बार के स्तंभ माने जाने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता प. कृष्णाकांत त्रिपाठी के प्रिय शिष्य के रूप में सुप्रसिद्ध अधिवक्ता मनोज



मेजा बार चुनाव में स्वयं के नेतृत्व वाली टीम के साथ धमाकेदार इंट्री करते वरिष्ठ अधिवक्ता केके त्रिपाठी

कुमार शुक्ला के समर्थन में श्री त्रिपाठी खुद ही अपने दर्जनों जूनियर और सीनियर गुट के अधिवक्ताओं के साथ उनका प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र में व्यापक चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क कर महासंग्राम के इस चुनावी दंगल में अपनी एंट्री कर दी है। मंत्रीपद प्रत्याशी श्री शुक्ल के समर्थन में उन्होंने पूरी ताकत झोंकते हुए चुनावी रणभूमि में बतौर श्री कृष्ण कमान संभाल लिया है और बड़ी जीत का मोर्चा खोलते हुए अपनी टीम के साथ अधिवक्ताओं के घर घर जाने और श्री शुक्ल के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजई बनाने का जोरदार अभियान भी छेड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मेजा बार के चुनावी जंग में श्री त्रिपाठी की धमाकेदार इंट्री ने सभी को चौंका दिया है जिससे मेजा बार का यह चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। चुनाव प्रचार के दौरान श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेजा बार का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है यह विद्वान अधिवक्ताओं का चुनाव है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव बार की दिशा और दशा में उल्लेखनीय एवं अभूतपूर्व परिवर्तन लाएगा जिसमें बार के सभी जूनियर और सीनियर अधिवक्ताओं का मान सम्मान रक्षा और सुरक्षा के साथ साथ बार भी नई ऊंचाइयों पर पहुंच कर जनपद में कीर्तिमान स्थापित कर नाम रोशन करेगा।

## न्यूज झरोखा

### पिकअप ने ई रिक्शा चालक को मारी टक्कर चालक गंभीर रूप से घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में पिकअप ने ई रिक्शा चालक को मारी टक्कर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।चालक के पत्नी ने अज्ञात पिकअप के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजभानपुर इस्माइलपुर निवासनीय सरिता देवी पत्नी सिंदर कुमार 32 वर्ष का कहना है कि उसके पति ई रिक्शा चालक हैं। सरिता देवी का आरोप है कि रिक्शा लेकर पति घर आ रहे थे। जैसे हरखपुर चौराहे पर पहुंचे अज्ञात पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पति सिंदर कुमार को गंभीर हालत में समीप अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरिता देवी ने मऊआइमा थाना में अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित की गयी छात्र छात्राओं के लिए टैलेंट परीक्षा।



**उतराव।** 29 मार्च रविवार कों पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 तक छात्र छात्राओं के टैलेंट सर्च परीक्षा आयोजित की गयी।जिसमे क्षेत्र के विद्यालय के छात्र छात्रा प्रतिभाग लिए। बताया जाता है की उतराव क्षेत्र के समोधिपुर गांव निवासी व पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार द्वारा क्षेत्र के के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज में रविवार कों टैलेंट सर्च परीक्षा आयोजित किया गया।आयोजित टैलेंट सर्च परीक्षा में लगभग 600 छात्र छात्रा शामिल हुऐ। परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक परीक्षा में शामिल सभी छात्र छात्राओं व आये हुऐ अभिवाहकों कों संस्था द्वारा जलपान कराया गया। के. डी. कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह व प्रधानाचार्य विनय कुमार पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष का आभार जताते हुऐ कहा की शिक्षा के क्षेत्र बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक का धन्यवादज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका मौजूद रहे।

### थानापुर में पहली बार पुलिस चौकी इंचार्ज की तैनाती, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

**सहसों।** थानापुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम उठाते हुए पुलिस उपायुक्त गंगानगर, कमिश्नरेट कार्यालय द्वारा सोमवार को पहली बार पुलिस चौकी इंचार्ज की तैनाती का आदेश जारी कर दिया गया। लंबे समय से चली आ रही स्थानीय लोगों की मांग पूरी होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जारी आदेश के अनुसार, थरवई थाने में तैनात उप निरीक्षक अमरदेव सिंह को थानापुर पुलिस चौकी का प्रथम चौकी इंचार्ज नियुक्त किया गया है। यह चौकी थरवई थाना के अंतर्गत कार्य करेगी। थरवई थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि थानापुर क्षेत्र थाना मुख्यालय से काफी दूर स्थित है, जिससे किसी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस को मौके पर पहुंचने में विलंब होता था। अब चौकी इंचार्ज की तैनाती से न केवल प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा स्तर पर भूमि की व्यवस्था कराई जाएगी और प्रशासन से जल्द से जल्द चौकी भवन के निर्माण की भी अपेक्षा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर होगी और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

### मनुष्य को एक परमात्मा का भजन करना चाहिए, स्वामी अड़गड़ानंद



**प्रयागराज।** यथार्थ गीता के प्रणेता स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज मंगलवार को साधकों से कहा कि रघुपति भगत करत कठिनाई, कहत सुगम करनी अपार, जानत जेही बनी जाई। उन्होंने कहा कि एक परमात्मा का भजन करना चाहिए। वह नाम है ओम अथवा राम। ज्यो ज्यों नाम जपता जाएगा साधक कोई भी हो चाहे वह गृहस्थ हो अथवा विरक्त हो एक न एक दिन भक्ति पथ पर चल सकता हैं। उन्होंने बताया कि यथार्थ गीता ही मानव धर्म का शास्त्र है। इसे सभी को पढ़ना चाहिए, सुनना चाहिए और यथार्थ गीता के बताए पथ पर चलना चाहिए। सामाजिक कुरितियां, जातपात भेदभाव, छुआछूत की दरारे हैं उससे छुटकारा पा जाएंगे। घर-घर याथार्थ गीता होनी चाहिए। अब सर्वत्र यथार्थ गीता पाठ होने लगा है। स्वामी जी के परम शिष्य लाले महाराज ने कहा कि मैं कब बना संसारी मुझे होश न था, मेरा निर्मल निर्मल मन था कोई दोष न था। हर मनुष्य संसारी है, जब तक वह संसार में आशक्त है। उन्होंने कहा कि दादा गुरु कहते थे पांच साल का बच्चा और महापुरुष की मनोस्थिति एक जैसी होती है। पांच साल से ज्यादा उम्र होने लगती है, तो चाहे स्त्री हो या पुरुष संसार में आशक्त होते जाते हैं। संसार से पार पाने के लिए मन सहित इंद्रियों का संयम अति आवश्यक है और संयम कब होगा जब भगवान का भजन करेंगे। भजन जैसे जैसे उन्नति होती जाएगी इस संसार से पार पाते जाएंगे। इस मौके पर संत नारद महाराज, संतोष महाराज, आशीष महाराज, दीपक महाराज, सोमानंद महाराज, राजीव महाराज, विनय महाराज आदि उपस्थित रहे। महंत बृज बिहारी बाबा और मुख्य व्यवस्थापक श्री प्रकाश सिंह की अगुवाई में आश्रम की व्यवस्था संचालित हो रही है।

# समाजसेवी द्वारा शवदाहगृह के लिए अरैल में दान की गई जमीन



**पार्षदों के साथ क्षेत्रवासियों ने भी जाहिर की खुशी**

**नैनी।** नैनी जमुनापार नैनी क्षेत्र जिसकी आबादी लगभग 4 से 5 लाख के बीच है। वर्षों से शवदाहगृह के अभाव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। अब इस समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नैनी जोन-5 के पार्षद रणविजय सिंह डब्बू सहित मयंक यादव, प्रेम शंकर यादव, बलराज पटेल व अन्य पार्षदों द्वारा नगर निगम प्रयागराज के सदन में लगातार शवदाहगृह निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए महापौर गणेश केसरवानी द्वारा शवदाहगृह निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया। इसी क्रम में नैनी अरैल क्षेत्र में विद्युत शवदाहगृह के निर्माण हेतु ग्राम सभा देवरख कछार परगना अरैल, तहसील करछना, प्रयागराज स्थित 0.0700 हेक्टेयर भूमि अरैल देवरख निवासी समाजसेवी बबलू पांडेय द्वारा अपने पिता स्वर्गीय राम नरेश पांडेय की जमीन स्मृति में दान की गई। यह दान पत्र करछना उप-निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार नीरज कुमार पांडेय के समक्ष संपन्न हुआ। पार्षद रणविजय सिंह डब्बू ने बताया कि जमुनापार क्षेत्र में बाढ़ अथवा महाकुंभ जैसे अवसरों पर लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दारागंज और रसूलाबाद घाट तक जाना पड़ता था। जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। शवदाहगृह बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस पहल के लिए नैनी क्षेत्र के सभी पार्षदों ने महापौर गणेश केसरवानी का आभार व्यक्त किया। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर नरसिंह ने बबलू पांडेय को भूमि दान के लिए बधाई देते हुए नगर निगम, महापौर, नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुन्ना प्रधान, संजय पासी, मंचो सिंह, प्रदीप महरा, राकेश जायसवाल, मयंक यादव, राजा भारती, माया देवी, सोनू यादव, अनूप पासी, दिलीप केसरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, घनश्याम जायसवाल सहित कई पार्षद एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में मानव तस्करी रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम, रेलवे कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित









अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को मुंडेरा स्थित होटल जसवंत विलास में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) और रेलवे सुरक्षा बल (RPF), उत्तर मध्य रेलवे के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. बबीता सिंह चौहान, सदस्य गीता विश्वकर्मा, एनसीडब्ल्यू के डिप्टी डायरेक्टर राम अवतार, प्रोफेसर सरफराज अहमद खान, गुड़िया एनजीओ के प्रतिनिधि अजीत सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता समेत रेलवे के कई उच्चाधिकारी भी शामिल हुए।

सेमिनार में विशेषज्ञों ने मानव तस्करी की पहचान, रोकथाम और पीड़ितों के बचाव से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि तस्कर अक्सर परिवहन के साधनों, विशेषकर रेलवे का उपयोग करते हैं, इसलिए स्टेशन और ट्रेनों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बेहद जरूरी है।इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए रेलवे से जुड़े फ्रंटलाइन कर्मचारियों को विशेष रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में 160 आरपीएफ कर्मी, 24 जीआरपी जवान, 25 वाणिज्य विभाग के कर्मचारी, 10 वेंडर, 8 कुली और 3 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसरों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना है। साथ ही, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और रेलवे विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस अपराध पर अंकुश लगाना भी प्राथमिकता में शामिल है।

# ट्रेलर की टक्कर से अनियंत्रित ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, मजदूर की मौत ट्रक चालक गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश



ट्रैक्टर की ट्राली का रजिस्ट्रेशन नहीं होता फिर भी ट्रैक्टर की ट्राली का कमर्शियल उपयोग होता है, अधिकतर ट्रैक्टर में बिना लाइसेंस के चालक ट्रैक्टर को सड़क पर दौड़ाते हैं इस ट्रैक्टर के ड्राइवर के पास लाइसेंस है कि नहीं यह भी जांच का विषय है

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ ओवरब्रिज के ऊपर मंगलवार सुबह 9 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अचानक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और रोड पर ट्राली पलट गई ट्रैक्टर में बैठे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बच गया।कोखराज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक सिराथू कस्बे के रहने वाले नीलू चौरसिया का ट्रैक्टर इंटरलॉकिंग ईट गांव गांव में पहुंचाता है नीलू चौरसिया के इसी ट्रैक्टर का चालक काकू पटेल पुत्र ओंकारनाथ पटेल निवासी अंतू का पूरा मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर में इंटरलॉकिंग ईट लाद कर मजदूर मनोज कुमार पुत्र राम अवतार पटेल के साथ देवीगंज से मूरतगंज के लिए जा रहे थे इसी दौरान जैसे ही ट्रैक्टर चालक टेढ़ी मोड़ ओवर ब्रिज के पास पहुंचा कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहे ट्रेलर ट्रक से ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और सड़क पर ट्राली पलट गई इस हादसे में ट्रैक्टर का मजदूर मनोज कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र राम अवतार निवासी सौराई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम टक्कर लगते ही ट्रेलर की चपेट में आ गया और मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना में ट्रक ट्रेलर चालक गंभीर घायल हो गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक मजदूर के परिवार में पत्नी रेखा देवी व दो पुत्र ऋषि 7 वर्ष व रिवांश 3 वर्ष को जैसे ही मौत की जानकारी मिली पूरे परिवार में कोहराम मच गया है ट्रैक्टर की ट्राली का रजिस्ट्रेशन नहीं होता फिर भी ट्रैक्टर की ट्राली का कमर्शियल उपयोग होता है अधिकतर ट्रैक्टर में बिना लाइसेंस के चालक ट्रैक्टर को सड़क पर दौड़ाते हैं इस ट्रैक्टर के ड्राइवर के पास लाइसेंस है कि नहीं यह भी जांच का विषय है।

## हत्या के तीन अभियुक्त 22 वर्ष बाद आजीवन कारावास से दंडित

**अभियुक्तों पर अदालत ने लगाया एक एक लाख रुपये अर्थदण्ड**

**कौशांबी।** फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव के रहने वाले नीरज द्विवेदी और उनके भाई पर 22 वर्षों पूर्व दिनांक 14.12.2003 को थाना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी जिसमें नीरज द्विवेदी के भाई की मौत हो गई थी और इलाज के दौरान नीरज द्विवेदी की जान बच गई थी मामले का मुकदमा पश्चिम शरीरा थाने पर मु0अ0सं0 151/2003 धारा 302/34/506 भादवि पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ 22 वर्षों तक अदालत में मुकदमे की लंबी प्रक्रिया के बाद गोली मारने वाले तीन अभियुक्त अपराध के दोषी साबित हुए एक भाई की हत्या करने और दूसरे भाई पर प्राण घातक हमला करने वाले तीन अभियुक्तों नमदी प्रसाद पुत्र बद्री प्रसाद वा रज्जू उर्फ प्रमोद पुत्र राधाकृष्ण द्विवेदी वा. प्रभात उर्फ गुड्डू पुत्र हरिश्चन्द्र द्विवेदी निवासीगण ग्राम किशनपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर को दिनांक 31.03.2026 को न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास व एक लाख दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से प्रत्येक अभियुक्त को दण्डित किया है 22 वर्षों की लंबी प्रक्रिया के बाद हत्या करने वालों को दंड मिल सका है।

## भाई की हत्या का अभियुक्त 07 वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दंडित

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के काजीपुर में 8 अक्टूबर 2023 को महादेव पर उनके भाई भगवती ने हमला किया था इलाज के दौरान महादेव की मौत हो गई थी थाना पर मु0अ0सं0 251/23 धारा 304 भादवि पंजीकृत हुआ था जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ था जिससे सम्बन्धित अभियुक्त भगौती लाल पुत्र मसुरियादीन निवासी काजीपुर थाना संदीपनघाट को दिनांक 31.03.2026 को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष सश्रम कारावास से दण्डित किया गया।

# जमीन हड़पने की नीयत से की गई थी पूर्व प्रधान की हत्या

अखंड भारत संदेश

**बुधराम को गिरफ्तार कर हत्या का पुलिस ने किया खुलासा**

**तमंचा बिक्री पर रोक लगाने में असफल थाना पुलिस हत्या का खुलासा कर खुद थपथपा रही है पीठ**




**नेवादा कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के औंधन फरीदपुर गांव में निर्माणाधीन डेयरी फार्म हाउस में 27 मार्च की रात्रि में औंधन गांव के पूर्व प्रधान बादाम सिंह के कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी बादाम सिंह के साथ उनका साथी बुधराम पुत्र राम प्रसाद भी सो रहा था बुधराम और उनके दो भाइयों की जमीन पूर्व प्रधान ने खरीदी थी जमीन की कीमत भी बुधराम और उसके दोनों भाइयों को पूर्व प्रधान से दे दिया था लेकिन जमीन का बैनामा नहीं हुआ था रकम लेने के बाद बुधराम और उसके दोनों भाइयों की नियत खराब हो गई कि पैसा मिल गया है जमीन भी नहीं देंगे और इसी नियत के बाद बुधराम ने पूर्व प्रधान बादाम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बुधराम को गिरफ्तार करने के बाद तमंचा कारतूस भी बरामद कर लिया है और गिरफ्तार बुधराम को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार बुधराम ने एक अहम खुलासा किया है कि पूर्व प्रधान के साथ पहले रहने वाले लोडर नामक व्यक्ति से उन्होंने तमंचा खरीदा था लेकिन लोडर की गिरफ्तारी अभी पुलिस नहीं कर सकी है हालांकि ग्रामीणों की माने तो पूर्व प्रधान बादाम सिंह की हत्या अकेले बुधराम नहीं कर सकता है उसके साथ अन्य लोगों के भी इस हत्याकांड में शामिल होने की उम्मीद है हालांकि थाना पुलिस के पूछताछ में अन्य लोगों के नाम का खुलासा नहीं हो सका है। पिपरी थाना पुलिस के क्षेत्र में लोडर नामक व्यक्ति खुलेआम तमंचा की बिक्री करता रहा और थाना पुलिस तबला बजाती रह गई समय रहते यदि तमंचा बेचने वाले पर कार्यवाही पुलिस कर देती यदि लोडर के तमंचा बिक्री पर थाना पुलिस ने पूर्व में रोक लगा दिया होता तो बादाम सिंह की हत्या न होती लेकिन थाना पुलिस लोडर के तमंचा बेचने पर रोक नहीं लगा पाई और बादाम सिंह की हत्या के पूर्व थाना पुलिस के खास मुखबिर तंत्र भी थाना पुलिस तक कोई सूचना नहीं दे पाए छोटे-छोटे मामले में मुखबिर खास की सूचना पर कार्यवाही करने वाली थाना पुलिस के मुखबिर तंत्र इतने कमजोर है कि तमंचा बिक्री की सूचना थाना पुलिस तक नहीं पहुंचा सके जिससे थाना पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं पूर्व प्रधान की हत्या में थाना पुलिस की लापरवाही के बाद अभी तक थानेदार को निलंबित नहीं किया गया तमंचा बिक्री न रोकने वाली थाना पुलिस हत्या के खुलासे के बाद खुद अपनी पीठ थपथपा रही है।

## संचारी रोग की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ करें कार्य : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**सीडीओ ने कहा कि अभियान चलाकर नालियों व नालों की साफ-सफाई, फॉगिंग एवं एंटीलार्वा का करे छिड़काव**



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने मंगलवार को एन.आई.सी. सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अब तक की कार्यवाहियों एवं गतिविधियों की समीक्षा की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शासनादेशानुसार सभी कार्यवाहियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि माइक्रोप्लान के अनुसार विभागीय कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर नालियों एवं नालों की साफ-सफाई कराने, फॉगिंग एवं एंटीलार्वा का छिड़काव कराने तथा कहीं भी जल-जमाव न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार,सी.एम.एस. डॉ.सुनील शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुबह 8:00 बजे से खुलेंगे जिले के सभी सरकारी अस्पताल

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने अवगत कराया है कि दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में ओपीडी का समय प्रातः 08 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक होगी जिले के सभी सरकारी अस्पताल सुबह 8:00 बजे से खुलेंगे सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों पर पहुंचकर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाएं। इसके साथ ही सभी संबंधित चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें,जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्राण घातक हमले के 02 अभियुक्तों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के कूड़ापुर मजरा सैयद सरावां निवासी वृजकली के पति पर 16 वर्षों पूर्व 1 सितंबर 2009 को फरसा और कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला किया गया था जिससे वृजकली के पति गंभीर घायल हो गए थे थाना चरवा पर मु0अ0सं0 202/209 धारा 307/34 भादवि व मु0अ0सं0 205/2009 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्तों ननका पुत्र मोहन वा शिवकरन पुत्र स्व0 राम दुलारे निवासीगण कूड़ापुर मजरा सैयद सरावां थाना चरवा के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत में दोनों अभियुक्तों को प्राण घातक हमले का दोषी पाया और दिनांक 31.03.2026 को न्यायालय एडीजे-04 जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व 10,000- 10,000 रुपये के अर्थदण्ड एवं अभियुक्त ननका को तमंचा रखने के आरोप मेंआर्म्स एक्ट में 03 वर्ष कारावास व 5000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### गांजा बेचने वाले अभियुक्त को 14 माह कठोर कारावास की सजा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में 25 दिसम्बर 2023 को पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान रोडवेज बस स्टैंड के पास से अभियुक्त जुल्फकार उर्फ चांद को 01 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मंझनपुर कोतवाली पर मु0अ0सं0 481/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत हुआ था विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त जुल्फकार उर्फ चांद पुत्र मोहम्मद अंसार निवासी नयानगर द्वितीय कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को दिनांक 31.03.2026 को न्यायालय एएसजे-3/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 14 माह कठोर कारावास तथा 5,000 /- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## शॉर्ट शर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग से दस बीघे गेहूं की फसल जली

अखंड भारत संदेश

**सूचना के बावजूद नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली के अफजलपुर सातों गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से जर्जर बिजली की तारों में हुए शॉर्ट शर्किट से गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई,आग लगने से दस बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई,आग लगने की सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंची,जिसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया।बिजली विभाग की लापरवाही से जर्जर बिजली की तारों में हुए शॉर्ट शर्किट से गेहूं के खेत में भीषण आग लगने से दस बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई,आग लगने की सूचना पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंची,जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया,ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# ...तो फिर ढाबा संचालकों के पुरखो की जागीर बन गया राष्ट्रीय राजमार्ग

अखंड भारत संदेश



**सड़कों पर खड़े वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ने के बाद भी ढाबा संचालकों के हौसले बुलंद, सड़क पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं निर्दोष लोगों की होती है मौत**

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में सैनी कोतवाली के कनवार से लेकर के कोखराज थाना के सिहोरी गंगापुर तक पड़ने वाले ढाबों के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क पर ट्रक ट्रेलर और बड़े वाहनों के खड़े होने से आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं बेकसूर लोगों की मौतें होती हैं लेकिन उसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबा संचालकों के संरक्षण में डामर सड़क पर ट्रेलर डंपर ट्रक बड़े वाहन खड़े करके ट्रक चालक उनके खलासी ढाबों में खाना खाते हैं और वहां आराम करते हैं जिसके चलते सड़कों पर बड़े वाहन खड़ा रहता है और सड़क का एक हिस्सा बाधित हो जाता है सामने से आने वाले वाहनों को बचाने के चक्कर में पीछे से वाहन चालक खड़े वाहनों में घुस जाते हैं और दुर्घटना का कारण बनता है दो दिन पहले सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा के पास दर्शनार्थियों की पिकअप सड़क पर खड़े वाहन से टकरा गई जिससे आठ लोगों की मौके पर मौत और दो लोगों की अस्पताल में मौत हो गई दो दर्जन लोग गंभीर घायल हो गए इसके पहले भी कई दुर्घटनाएं सड़क पर खड़े वाहन के चलते हुई सैनी कोतवाली पुलिस ने ढाबा संचालकों को नोटिस दे दी है कि सड़क वाहन नहीं खड़े होंगे लेकिन सैनी कोतवाली पुलिस की नोटिस का कोई मतलब ढाबा संचालक नहीं समझते हैं उसके बाद भी होटल ढाबे के सामने सड़क पर ट्रक ट्रेलर डंपर खड़ा करके चालक होटल में खाना खाने पहुंच जाते हैं राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों के चालकों का इतना हौसला नहीं है कि वह दूसरे प्रांत से आने के बाद इस जिले की पुलिस के आदेश को नहीं मानेंगे उन्हें ढाबा संचालकों का खुला समर्थन मिला हुआ है जिससे ट्रक चालकों के हौसले बुलंद और सड़क पर वाहन खड़े करते हैं ट्रक चालकों के साथ-साथ ढाबा संचालकों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है तभी राष्ट्रीय राजमार्ग की दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग कि सड़क पर ढाबे के सामने खड़े होने वाले वाहनों पर कठोर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है जिससे दुर्घटनाओं पर रोक लगाती नहीं दिख रही है आखिर ढाबा संचालकों से एआरटीओ और यातायात पुलिस के क्या रिश्ते हैं जो इन ढाबा संचालकों को कानून का पाठ नहीं पढ़ा पा रहे है अब सवाल उठता है कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग इन ढाबा संचालकों के पुरखों की जागीर बन गई है।

## न्यूज झरोखा

### दुर्घटना बढ़ाने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के बजाए मीटिंग करते रह गए सैनी कोतवाल



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पड़ने वाले होटल ढाबा संचालकों के संरक्षण में ट्रक चालक ट्रकों को डामर की काली सड़क पर खड़ा करके होटल ढाबे में खाना खाते हैं सड़क पर ट्रक खड़ी होने से दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं सड़क पर ट्रक के खड़ी होने से श्रद्धालुओं की पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बीते दिनों दस लोगों की मौत हो गई इस बात को लेकर अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने समाचार प्रकाशित किया जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहले तो होटल ढाबा संचालकों को नोटिस दी गई उसके बाद फिर कोतवाली में होटल ढाबा संचालकों को बुलाकर कोतवाल ने मीटिंग की है जिसमें सड़क पर वाहन न खड़े करने की हिदायत दी गई है लेकिन सड़क पर खड़े होने वाले ट्रकों पर कोतवाल ने कार्यवाही नहीं की है ट्रकों पर जुर्माना नहीं लगाया गया है सड़क पर खड़े ट्रक पर सीज की कार्यवाही नहीं की गई है राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण करने को लेकर चालकों पर मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है जिससे कोतवाल की ढुलमुल रवैया का अंदाजा लगाया जा सकता है की राष्ट्रीय राजमार्ग में ढाबा संचालकों के संरक्षण में पलने वाले ट्रक चालकों के सड़क पर वाहनों को खड़ा करने से निर्दोषों की मौत के मामले में कोतवाल कितने लापरवाह दिखाई पड़ रहे है कि उन्होंने सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के बजाय केवल मीटिंग करके पूरे मामले में लीपापोती शुरू कर दी है मंगलवार को फिर राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न होटल ढाबे के सामने तमाम ट्रक ट्रेलर डंपर मुख्य सड़क पर खड़े दिखाई पड़े हैं।

### राष्ट्रपति स्काउट पुरस्कार से सम्मानित हुए अधिवक्ता रोहित मिश्र



**कौशाम्बी।** राष्ट्रपति स्काउट पुरस्कार से अधिवक्ता रोहित मिश्रा सम्मानित हुए हैं जनपद का नाम एक बार फिर से रोशन करने वाले सराय अकिल के निवासी अधिवक्ता रोहित मिश्र पुत्र श्री श्याम बाबू मिश्र है जो वतर्मान समय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विधि व्यवसाय कर रहे है वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड ममफोडगंज,मण्डल प्रयागराज में आयोजित राष्टपति स्काउट प्रमाणपत्र परीक्षा में विशेष स्थान प्राप्त करने पर भारत की राष्टपति माननीय द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा अधिवक्ता रोहित मिश्रा को राष्टपति स्काउट पुरस्कार प्रमाणपत्र प्रदान किया गया इस बात की जानकारी जैसे ही उनके अधिवक्ता साथियों परिजनों रिश्तेदारों को लगी लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया लोगों ने अधिवक्ता रोहित मिश्रा को बधाई दी है।

### एन डी कांवेंट स्कूल में टॉप करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित



**हररायपुर कौशांबी।** एन डी कांवेंट स्कूल एंड स्वगीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज के प्रांगण में रिजल्ट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने समस्त छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त करने पर शुभ कामनाएं दी। सभी क्लास में प्रथम स्थान,द्वितीय स्थान,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को थाना संदीपन घाट के उप निरीक्षक जगरूप यादव, उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार पटेल ने मेडल पहना कर , लड्डू खिला कर सम्मानित किया। विद्यालय के टॉपर्स प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 7 के छात्र प्रियांशु पुत्र सियाराम,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका पाल पुत्री राजेश, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पायल पुत्री अमित कुमार को उप निरीक्षक जगरूप,प्रधानाचार्य महेश कुमार, प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने ट्रॉफी देकर मेडल पहना कर लड्डू खिला कर सम्मानित किया।साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र की प्रबंधक की तरफ से पूरे वर्ष की फीस माफ की गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा की आधी फीस माफ की गई।

### लकड़कट्टे ने हरे जामुन का पेड़ किया धराशाई




**अझुवा कौशाम्बी।** लकड़ी माफिया ने सैनी क्षेत्र में आतंक मचाकर रख दिया है। मंगलवार की सुबह भी सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव में जामुन के हरे फलदार पेड़ को काटकर लकड़कट्टे ने धराशायी कर दिया गया। लकड़ी माफियाओं से वन विभाग के गहरे संबंधों की चर्चा है आरोप है कि इसकी सूचना दिए जाने के बाद भी वन विभाग ने कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया। आसपास के ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन कहीं न कहीं हरा पेड़ काटा जाता है। हरे फलदार पेड़ के काटने में वन विभाग की साठगांठ है। इसी वजह से लकड़ी माफियाओं पर कारर्वाई नहीं की जा रही है। मामले में पुलिस वा वन अधिकारी ने जांच कर कारर्वाई की बात कही है।

### गैंगरेप का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबीद्ध** दलित नाबालिग बालिका से गैंगरेप करने के आरोपी मोहम्मद एहतेशाम उर्फ शाहरुख पुत्र मोहम्मद मुजफ्फर अहमद निवासी अहमदपुर असरौली उपरहार थाना पूरामुफ्ती हालपता महमदपुर थाना कोखराज के विरुद्ध कई महीने पहले कोखराज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 169 सन 2025 दर्ज हुआ था दलित नाबालिग बालिका से गैंगरेप का आरोप था कई महीने से आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो रही थी जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25000 रुपए का इनाम घोषित किया था 31 मार्च की शाम को कोखराज थाना के उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने 25 हजार रुपए के इनामियां अभियुक्त मोहम्मद एहतेशाम उर्फ शाहरुख पुत्र मोहम्मद मुजफ्फर अहमद को इक्का अड्डा कोखराज के पास से गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तारी के बाद लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया है।

## सम्पादकीय

### बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

**एचडीएफसी** बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निदेशों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निदेशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे 'विजन स्टेटमेंट' के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को 'इतना बड़ा कि फेल नहीं हो सकता' की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफे के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरूआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा- 'बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर-तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं।' एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 'मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम' का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दशार्ता है। फिर भी, जैसा कि इस्तीफे के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दशार्ती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ-साफ और विस्तार से बतानी चाहिए थीं, न कि सिफ र्अस्पष्ट इशारे करके चले जाना चाहिए था।

# मिडिल ईस्ट युद्ध ने ट्रम्प की मुश्किलों को बढ़ाया



**राजेश पांडेय**

**युद्ध** के मामले में अमेरिका-इजरायल की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। इजरायल क्षेत्रीय ताकत है। वह मिडिल ईस्ट में अपने सामने किसी तरह की बड़ी चुनौती नहीं चाहता है। उसका लक्ष्य सीमित है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका को वैश्विक महाशक्ति होने के नाते पूरी दुनिया की स्थिति को ध्यान में रखकर फैसले करने पड़ते हैं। लेकिन, ईरान के मामले में वह दिशाहीनता शिकार है।

मिडिल ईस्ट युद्ध की लपटें अब दुनिया को झुलसाने लगी हैं। तेल, गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। युद्ध लंबे समय तक चला तो ग्लोबल अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पांच दिन के युद्धविराम की पेशकश ने उम्मीदें जगाई हैं। जाहिर है, ट्रम्प अनिश्चय की स्थिति में हैं। युद्ध की दिशा उनके अनुमान के मुताबिक नहीं रही है। यही स्थिति इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की है। ट्रम्प-नेतन्याहू ने सोचा था कि उनके सामने इजरायल जल्द पस्त हो जाएगा। लेकिन 26 मार्च तक तो ऐसा नहीं हुआ था। अमेरिका के शांति प्रस्तावों पर ईरान ने कड़ा रुख अपनाया है। भारी तबाही के बावजूद वह अपने कुछ मुद्दों पर पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है।

मौजूदा युद्ध के उद्देश्यों पर हमेशा सवाल उठेंगे। हानि-लाभ का हिसाब लगाया जाएगा। पूछा जाएगा कि चीन, रूस और भारत जैसे देशों की भूमिका क्या रही? नेतन्याहू के बहकावे पर युद्ध में कूदे ट्रम्प के सामने तो कोई स्पष्ट लक्ष्य तक नहीं है। वैसे, अमेरिका की हथियार लॉबी का धंधा जोर पकड़ चुका है। अमेरिका को अब तक इजरायल और खाड़ी देशों से करोड़ों रुपए के हथियारों की सप्लाई के ऑर्डर मिले हैं। लेकिन कुछ वास्तविकताएं ट्रम्प की मुश्किलों को सामने रखती हैं। ट्रम्प बिजनेसमैन हैं। वे राजनीति को नफा-नुकसान के नजरिये से देखते हैं। लिहाजा, तेल, गैस की सप्लाई में रुकावट से बिजनेस पर पड़ने वाला असर उनके लिए चिंता पैदा कर रहा है।

युद्ध से ट्रम्प और अमेरिका की राजनीतिक स्थिति प्रभावित होगी। वे जब से दोबारा राष्ट्रपति बने हैं, कई जगह अमेरिकी ताकत का दुरुपयोग कर चुके हैं। उन्होंने वेनेजुएला के तानाशाह राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का रातों-रात अपहरण कर लिया था। ट्रम्प नोबल शांति पुरस्कार पाने की लालसा रखते हैं लेकिन उन्होंने ईरान के बहुत बड़े हिस्से को उजाड़ डाला है। वहां वियतनाम और गाजा पट्टी जैसी सघन बमबारी हुई है। स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों, पुलों और रिहायशी इलाकों को तहस-नहस करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई है।

ईरान के डटे रहने से ट्रम्प के राजनीतिक प्रभाव में सेंध लग रही है। उनकी दुनिया को दबाने की ताकत क्षीण होगी। चीन, रूस जैसे देशों के सामने असहाय महसूस करने वाले देश सोच सकते हैं कि जब ट्रम्प ईरान जैसे देश को नहीं झुका पाए तो वे इन देशों का क्या कर लेंगे? ट्रम्प यदि जीतते नहीं हैं तो अमेरिकी में उनकी राजनीतिक स्थिति कमजोर होगी। अमेरिका तेल, गैस का निर्यातक है। फिर भी, वहां गैस के मूल्य बढ़ रहे हैं। अक्सर जनमत के निर्धारण में महंगाई की अहम भूमिका होती है। इसलिए अनुमान लगाए जा रहे हैं कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी संसद के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति की रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान हो सकता है।

लगता है, स्थिति संभालने के लिए ट्रम्प ने पहले 48 घंटे और फिर पांच दिन के युद्धविराम का पांसा फेंका है।

वे किसी समझौते की स्थिति में विजेता बनकर उभरने की कोशिश करेंगे। ट्रम्प भ्रम के अंधेरे में भटक रहे हैं तो नेतन्याहू का एजेंडा एकदम साफ है। उनका राजनीतिक कॅरियर दुस्साहस, जोखिम और निर्ममता का पर्याय है। 2023 के बाद गाजा में हजारों बेकसूर फिलिस्तीनियों की हत्या ने उनका हौसला बढ़ाया है। ईरान पर हमले के लिए उन्हें देश की जनता के बड़े हिस्से का समर्थन भी है। इजरायलियों के बीच धारणा है कि उनके देश के अस्तित्व को ईरान से सबसे ज्यादा खतरा है। नेतन्याहू गाजा में जनसंहार के बाद भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। राष्ट्रपति उन पर भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा चलाने की अनुमति दे चुके हैं। इजरायल में इस साल चुनाव हैं। इस वक्त नेतन्याहू की सरकार कट्टर दक्षिणपंथी पार्टियों को समर्थन से चल रही है। लिहाजा, वे ईरान युद्ध से चुनाव में अपनी पार्टी के स्पष्ट बहुमत हासिल करने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। नेतन्याहू को भरोसा था कि हमले के बाद ईरान की जनता वर्तमान सरकार के खिलाफ बगावत कर देगी। दरअसल, ईरान में कट्टरपंथी धार्मिक नेतृत्व के खिलाफ जनता खासकर युवाओं ने लंबा आंदोलन छेड़ा था। खामेनेई सरकार ने आंदोलन का बेहद क्रूरता से दमन किया था। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने ईरान में बगावत भड़काने की काफी कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। बाहरी आक्रमण देश में एकजुटता पैदा करता है। लोगों में देशभक्ति की भावना जोर पकड़ती है। ईरान में ऐसा ही हुआ है। युद्ध के मामले में अमेरिका-इजरायल की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। इजरायल क्षेत्रीय ताकत है। वह मिडिल ईस्ट में अपने सामने किसी तरह की बड़ी चुनौती नहीं चाहता है। उसका लक्ष्य सीमित है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका को वैश्विक महाशक्ति होने के नाते पूरी दुनिया की स्थिति को ध्यान में रखकर फैसले करने पड़ते हैं। लेकिन, ईरान के मामले में वह दिशाहीनता शिकार है। ट्रम्प के अप्रत्याशित व्यवहार के बावजूद भारत, रूस, चीन का रुख निर्णायक नहीं रहा है। ये तीनों देश चाहते तो अमेरिका, इजरायल पर दबाव डाल सकते थे।

भारत का कमजोर रुखः अमेरिका, इजराइल हमले के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया बेहद सतर्कता भरी रही है। ऐसा लगता है,वह किसी दबाव में है। विदेश नीति में पहले जैसी स्पष्टता, दूरदर्शिता का अभाव है। 140 करोड़ की आबादी का भारत आज पहले के मुकाबले आर्थिक और सैनिक रूप से बहुत मजबूत है। लेकिन उसका प्रभाव बहुत क्षीण है। उसके रुख में स्पष्टता और प्रखरता की कमी है। वह अमेरिका, इजरायल के पीछे खड़ा है। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय वैश्विक मंच पर भारत की आवाज को अहमियत मिलती थी। भारत ने कई मौकों पर देशों की संप्रभुता का उल्लंघन होने पर कड़ा विरोध जताया है। उसने एशिया, अफ्रीका में साम्राज्यवाद के खिलाफ असरदार मुहिम चलाई थी। वह कमजोर देशों का सहारा था। कई मौकों पर अंतरराष्ट्रीय विवादों में भारत ने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी। भारत की पहचान नैतिकता, सिद्धांतों और इंसाफ का साथ देने वाले देश की थी। जिन नेताओं और उनके समर्थकों ने भारत को विश्वगुरू और विश्वमित्र के खिताब से विभूषित कर रखा था, उनकी आवाज न जाने कहां गुम हो गई है।

ईरान युद्ध से दुनिया को काफी नुकसान हो चुका है। भावी विध्वंस को लेकर प्रभावशाली देश चिंतित नहीं हैं। लगता है, बड़े देशों के बीच अघोषित समझौता हो चुका है कि वे कुछ भी करें, दुनिया को अपने डंडे के बल पर कैसे भी हांकें, दूसरा कुछ नहीं बोलेगा। यूक्रेन पर रूसी हमले के चार साल बीत चुके हैं। चीन ने मध्यस्थता करने की बजाय रूस का साथ दिया है। अमेरिका और यूरोपीय देश देर से यूक्रेन की मदद के लिए आगे आए हैं। यूरोपीय देश चाहते तो अपनी सामूहिक ताकत के बूते रूस को सबक सिखा सकते थे। लेकिन, उन्होंने तत्काल निर्णायक कदम नहीं उठाए। इसलिए विशेषज्ञों को लगता है कि यूक्रेन, गाजा और ईरान युद्ध के समान ताइवान पर चीनी हमले के समय भी बड़े देश चुप बैठ सकते हैं।

# अब युद्धविराम को लालायित ट्रंप

**- सर्वमित्रा सुरजन**



**अर्थव्यवस्था** के लिहाज से यह लड़ाई अमेरिका को पहले ही महंगी पड़ रही है। इस युद्ध में ईरान अब तक 3 हजार से ज्यादा ड्रोन दाग चुका है, उसके शाहेद ड्रोन की कीमत करीब 20 हजार डॉलर बताई जाती है, जबकि इन्हें गिराने के लिए अमेरिका की जो मिसाइलें इस्तेमाल हो रही हैं, उनकी कीमत 10 लाख डॉलर से भी ज्यादा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले तीन-चार दिनों से युद्धविराम पर कुछ ज्यादा ही जोर दे रहे हैं। इससे पहले तक ट्रंप बारंबार ऐलान कर रहे थे कि युद्ध अब खत्म होने ही वाला है, ईरान को हम बस जीतने ही वाले हैं, ईरान बस अब घुटनों पर आने ही वाला है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। ट्रंप को हकीकत का एहसास हो गया कि 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोलने और अली खामेनेई की हत्या के बाद वहां अपनी मर्जी का शासक नियुक्त करने और उसके साथ ही ईरानी तेल भंडारों पर कब्जे के जो ख्वाब उन्होंने देखे थे, वो अब पूरी तरह बिखर चुके हैं। इसलिए युद्ध के 26 दिन बीतने के बाद युद्ध छेड़ने वाला अमेरिका पीछे हटता हुआ नजर आ रहा है। लेकिन ट्रंप अपनी अकड़ अब भी बरकरार रखने के लिए दावा कर रहे हैं कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। जबकि ईरान ने किसी बातचीत या उसकी संभावना तक से इंकार कर दिया है। हालांकि नामुमकिन जैसा कोई शब्द राजनीति में नहीं होता, तो हो सकता है कि आज नहीं तो कल ईरान और अमेरिका फिर बातचीत की मेज पर आएं। लेकिन फिलहाल तो इसमें अमेरिका ज्यादा लालायित दिख रहा है, वहीं जख्मी ईरान और ज्यादा पलटवार करने के इरादे दिखा रहा है। ट्रंप की लाचारी की यह पराकाष्ठा है कि भारत-पाकिस्तान समेत आठ देशों में जंग खत्म करने के दावे करने वाले वो खुद अब मध्यस्थ की तलाश में हैं। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ईरान और अमेरिका में बातचीत करवा सकता है, इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल हो सकते हैं, लेकिन ईरानी पक्ष से कौन आएगा यह पता नहीं। पाकिस्तान अगर वाकई यह मध्यस्थता करवाता है, तो भारत के लिए यह बड़ी मात होगी। क्योंकि दुनिया में अब तक पाकिस्तान की छवि आक्रांता देश की रही है, जबकि भारत शांतिदूत की भूमिका में रहा है। अब पाकिस्तान अगर भारत का यह ओहदा छीनने में सफल होता है ।

# पश्चिम एशिया युद्ध में परमाणु खतरे के प्रति लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं

**– डॉ. अरुण मित्रा**



**संयुक्त** राष्ट्र को लगातार हाशिए पर धकेला जा रहा है, फिर भी यह एकमात्र ऐसी वैश्विक संस्था है जिसके पास हस्तक्षेप करने की वैधता है। यह बेहद जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, इजरायल और ईरान को शामिल करते हुए एक बाध्यकारी प्रस्ताव पर सहमति बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए; जिसमें सभी पक्ष स्पष्ट रूप से यह वचन दें कि वे परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की अंतिम घोषित तिथि बढ़ा दी है। ऐसा लगता है कि यह फैसला उनके वरीय सैन्य नेतृत्व की सलाह पर, और साथ ही यूरोपीय देशों और खाड़ी सहकारी परिषद् (जीसीसी) के देशों के दबाव में लिया गया है।

## गोसाईंगंज में अवैध गोमांस कारोबार का खुलासा, इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित



**सुल्तानपुर गोसाईंगंज** थाना क्षेत्र में चर्चित इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय के संरक्षण में महीनों से अवैध गोमांस का कारोबार चल रहा था। शनिवार रात्रि हिंदू संगठनों ने थाना क्षेत्र के राजापुर में इस अवैध धंधे को पकड़ लिया।मौके से कुंतल भर गोमांस, चापड़, तराजू व एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। वहीं, अवैध धंधे से जुड़े दो आरोपियों को हिंदू संगठन के लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को बुलाकर उनके हवाले कर दिया।हिंदू संगठन के पदाधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया, लेकिन अभियोग पंजीकृत करने में पुलिस द्वारा खेल किए जाने का आरोप है। कोर्ट ने आठ आरोपियों की रिमांड को खारिज कर दिया था।कोर्ट से छूटने के बाद गोमांस तस्करों ने संगठन के लोगों को धमकी दी। इसके बाद हिंदू संगठन ने पुलिस कप्तान चारू निगम से शिकायत की। जांच में दोषी मिलने पर चर्चित इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय समेत एक चौकी इंचार्ज व एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया।इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय कोतवाली नगर और धनपतगंज थाने में तैनाती के दौरान भी काफी सुर्खियों में रहे हैं।

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनोज बजाज ने किया निरीक्षण



**सुलतानपुर। हाईकोर्ट** के न्यायमूर्ति व जिले के प्रशासनिक जज मनोज बजाज सोमवार को जिला न्यायालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला जज सुनील कुमार व एमएसीटी जज लक्ष्मीकांत राठौर,सीजेएम नवनीत सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ न्यायालयो में हो रहे कामकाज का जायजा लिया। उन्होंने दीवानी परिसर का भी निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओ की जांच किया। उनके निरीक्षण में लगभग सब कुछ सामान्य रहा। प्रशासनिक जज ने सभी न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को न्यायिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मंगलवार को भी प्रशासनिक जज जिले में ही रहेंगे,जिनके जरिए वाह्य अदालतों का निरीक्षण किया जाएगा। जिला न्यायालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से भी मुलाकात किया।

## ज्ञानपुर रोड,रेलवे स्टेशन पर अवैध अग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**



**गोपीगंज।** रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान रेलवे पुलिस ने पवन एक्सप्रेस मे अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है उसके पास से लगभग तेरह लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है।पकड़ा गया युवक छतमी गांव का निवासी है,

आला अधिकारियो के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान जी आर पी कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक राजोल नागर चौकी प्रभारी ज्ञानपुर रोड आनंद कुमार यादव कांस्टेबल रोशन चौहान के साथ रेलवे मंगलवार को स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे, इस दौरान पवन एक्सप्रेस कोच संख्या एस 8 के पास संदिग्ध युवक पिट्ठू बैग के साथ खड़ा दिखाई दिया उसे हिरासत में ले कर जांच पड़ताल की गई तो उसके बैग से 72 क्वार्टर अग्रेजी शराब बरामद हुआ, पकड़ा गया युवक विनायक पांडेय छतमी गांव का निवासी बताया गया,नाजायज शराब बरामदी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## थाना सुरियावा पुलिस द्वारा शातिर मनबढ़ अभ्यस्त के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही जिला बदर



**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही थाना** सुरियावां पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ़ किस्म के अभ्यस्त अभियुक्त के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप गुंडा एक्ट के तहत हुआ जिला बदर। सुरियावां पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार मुनादी कराकर जिला बदर की कार्यवाही की गई संपन्नअभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ़ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जनपद के थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए आमजन के साथ इनके अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले अभ्यस्त अभियुक्त विक्की सिंह उर्फ चंद्रजीत सिंह पुत्र श्याम बहादुर सिंह निवासी एकौनी थाना सुरियावां जनपद भदोही विरूद्ध निर्गत उ.प्र. गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की नोटिस धारा 3(1) की पुष्टि की जाती है।

## भदोही में कुश्ती को नई दिशा देने की पहल, जिला इकाई का गठन, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



**गोपीगंज। भदोही** जनपद में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कुश्ती महासंघ की जिला इकाई का गठन मंगलवार को सारीपुर स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह के फार्म हाउस पर किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ के महासचिव सुरेशचन्द उपाध्याय ने किया, जिसमें जनपद के अनेक खेलप्रेमी और कुश्ती से जुड़े लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें शिव प्रकाश सिंह मुन्ना को अध्यक्ष चुना गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार सिंह, शेर बहादुर सिंह, गोपाल सिंह, राम प्रकट दुबे और अब्दुल माबूद खान को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर श्याम धर बटुकनाथ मिश्रा का चयन हुआ। संयुक्त सचिव के रूप में विनोद कुमार मालवीय और जितेंद्र कुमार को चुना गया, जबकि कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उत्कर्ष कौशिक को दी गई। कार्यसमिति के सदस्यों में प्रदीप कुमार गुप्ता, जीतू पासवान, जितेंद्र कुमार और अशोक कुमार सिंह को शामिल किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

## लालनगर,टोल प्लाजा पर बेहोशी हालत में मिला युवक,जहरखुरानी, का शिकार आनंद नर्सिंग होम में कराया गया भर्ती

**अखंड भारत संदेश**



**गोपीगंज। थाना** क्षेत्र के लाला नगर टोल प्लाजा पर एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में मिला। उसकी पहचान वाजिद (पुत्र मोहम्मद सिद्दीक), निवासी रेहथु कटहरा हंडिया, प्रयागराज के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वाजिद दुबई से मुंबई हवाई मार्ग से पहुंचे थे और वहां से ट्रेन द्वारा प्रयागराज आए। प्रयागराज से वह बस के जरिए हंडिया के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान अज्ञात परिस्थितियों में उन्हें लाल नगर टोल प्लाजा पर बेहोशी की हालत में उतार दिया गया। बस और उससे जुड़े लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को गोपीगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि युवक के पास तीन बैग थे, जो मौके पर नहीं मिले हैं। घटना की सूचना पर पी आर बी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई।

## डेलीगेट सम्मेलन एवं शाखा समिति की बैठक



**सुल्तानपुर शाखा** का डेलीगेट सम्मेलन एवं ब्रांच कौंसिल मीटिंग निहालगढ़ स्टेशन पर सम्पन्न की गई, जिसमे मण्डल मंत्री एवं सहायक महामंत्री कामरेड विभूति मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कामरेड सुधीर तिवारी, सहायक मण्डल मंत्री, कामरेड शुभ्राशु तिवारी एवं सुल्तानपुर शाखा के प्रभारी एवं सहायक मण्डल मंत्री कामरेड रंजन सिंह , एवं लखनऊ वाणिज्य शाखा के शाखा मंत्री कामरेड आनंद मिश्रा, सुल्तानपुर शाखा के पूर्व शाखा मंत्री कामरेड जे ए फारूकी, कामरेड एस सी द्विवेदी, एवं निहालगढ़ के स्टेशन अधीक्षक लखन लाल मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही । इस सम्मेलन मे सुल्तानपुर शाखा के डेली गेट को सम्बोधित करते हुए मण्डल मंत्रीएवं सहायक महामंत्री कामरेड विभूति मिश्रा ने निर्वाचित होने के उपरांत इस शाखा मे पहली बार सम्बोधित करते हुए यूनियन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी मुद्दों पर चर्चा किया।

मण्डल अध्यक्ष कामरेड सुधीर तिवारी ने सबको एक जुट होकर संघर्ष करने को कहा और इस शाखा की भूरी 2 प्रशंसा करते हुए कहा की सुल्तानपुर शाखा पूरे मण्डल मे हर क्षेत्र मे अग्रणी रहने वाली शाखा है और इसकी शान को बनाए रखने को कहा, मण्डल मंत्री एवं मण्डल अध्यक्ष जी द्वारा सभी डेली गेटो को सम्मानित भी किया गया।

# बागै नदी बनी काल : खेल-खेल में समा गए दो मासूम, गांव में पसरा मातम

अखंड भारत संदेश



नदी में डूबने से मृतक बालक, साथ में विलाप करते परिजन

**पहाडी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह बागै नदी का चकरेही घाट मासूमियत की किलकारियों से नहीं, बल्कि चीखों और सिसकियों से गूंज उठा। सकरौली मजरा केयूटरा पुरवा गांव के पांच बच्चे रोज की तरह नहाने पहुंचे थे, जहां पानी में लुकाछिपी का खेल अचानक मातम में बदल गया। खेल-खेल में 10 वर्षीय शिवम राजपूत गहरे पानी में समा गया, और उसे बचाने दौड़ा 12 वर्षीय विकास राजपूत भी उसी भंवर का शिकार बन गया। देखते ही देखते दोनों मासूम नदी की गहराई में लापता हो गए। किनारे कपड़े धो रहीं महिलाओं ने जब बच्चों की घबराई आवाज सुनी, तो शोर मच गया और पूरा गांव घाट की ओर दौड़ पड़ा। ग्रामीणों ने जान की बाजी लगाकर नदी में छलांग लगाई और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। किसानों के घर के ये चिराग बुझते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर चित्रकूट में जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**चित्रकूट।** जिले में सियासी रंगत अब सिर्फ भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि जश्न, जनसंपर्क और जमीन तक पहुंचने की रणनीति में बदलती दिख रही है। भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर हुई जिला योजना बैठक ने साफ कर दिया कि 5 से 12 अप्रैल तक पार्टी पूरे जिले में ह्लराष्ट्र प्रथमह्व के मंत्र के साथ शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। मुख्य अतिथि पूनम द्विवेदी ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए इसे संगठन के आत्ममंथन और जनसंपर्क का पर्व बताया, तो जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने बूथ से लेकर मंडल स्तर तक सजावट, ध्वजारोहण, संवाद और मिठास भरे कार्यक्रमों की रूपरेखा रख दी। 8-9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा सम्मेलनों में संगठन विस्तार से लेकर मोदी सरकार की उपलब्धियों तक पर मंथन होगा, वहीं 7 से 12 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान और लाभार्थी संपर्क से पार्टी जनता के दरवाजे तक दस्तक देगी।

# 40वें से 8वें पायदान तक छलांग सहकारिता बैक ने रचा नया कीर्तिमान

- बदलाव की नई पटकथा
- मेडिकल कॉलेज समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

अखंड भारत संदेश



सीएम योगी को मेमेन्टो देकर सम्मानित करते डीसीबी चेयरमैन

**चित्रकूट।** लखनऊ की सियासी सरजमीं पर जब जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की, तो यह महज औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि विकास की नई पटकथा लिखने का संकेत बन गई। इस आत्मीय संवाद में मेडिकल कॉलेज की संभावित स्थापना से लेकर बैंक की चौंकाने वाली प्रगति तक कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जो बैंक कभी 40वें पायदान पर ठहरा था, वह आज पारदर्शिता, निष्ठा और टीमवर्क के बल पर 8वें स्थान तक छलांग लगा चुका है- यह सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि विश्वास और सेवा भावना की जीवंत मिसाल है। मुख्यमंत्री ने इस परिवर्तन पर संतोष जताते हुए सहकारिता क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया और इसे और मजबूत करने का आह्वान किया। । श्रेणी में पहुंचा यह बैंक अब विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी का प्रतीक बन चुका है, जो प्रदेश में नई आर्थिक चेतना का संचार कर रहा है। आगे बताया कि मेडिकल कालेज की स्थापना से लेकर जिले के विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

# अंकों की चमक में दिखा परिश्रम का जादू छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

### विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह




सफल होने पर पुरस्कार प्राप्त करती बालिका

**चित्रकूट।** जिले की शैक्षिक धरा पर मंगलवार का दिन उल्लास, उपलब्धि और प्रेरणा का साक्षी बना, जब बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह गरिमा और उत्साह के संग संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर मानो सफलता की खुशबू से महक उठा, जहाँ घोषदल की गूंजती ध्वनि के बीच मुख्य अतिथि डॉ मदन गोपाल बाजपेयी, प्रबंधक श्यामसुंदर मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि संतोष का भव्य स्वागत हुआ। माँ बागेश्वरी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ यह आयोजन केवल अंक वितरण का नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और संस्कारों के उत्सव का प्रतीक बन गया। प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय ने अतिथियों का परिचय कराया तो वहीं आचार्यों ने माल्यार्पण कर सम्मान की परंपरा निभाई। परीक्षा प्रभारी हर्ष श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत परिणामों में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों की मेहनत झलक उठी। जब शांतनु सिंह और मयंक पटेल को सर्वोच्च अंक हेतु ट्रॉफी मिली, तो तालियों की गूंज ने पूरे वातावरण को गौरवान्वित कर दिया। वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए रचित अग्रवाल का सम्मान अनुशासन का जीवंत उदाहरण बन गया। अंततः आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, पर विद्यार्थियों के मन में सफलता का यह दीप लंबे समय तक जलता रहेगा।

# किताब छोड़ पानी की तलाश में भटकते बच्चे, सिस्टम की बेरुखी उजागर

- प्राथमिक विद्यालय में पेयजल संकट
- प्रशासनिक लापरवाही उजागर



हैण्डपम्प के सामने खड़े प्यासे बच्चे

**पहाड़ी/चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भुईहरी माफी के अहिरन पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्यास अब सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि बच्चों की मजबूरी बन चुकी है। विद्यालय के सामने लगा हैंडपंप पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा है, और व्यवस्था की यह दरार अब मासूमों की दिनचर्या को तोड़ रही है। नन्हें बच्चे किताबों से नजर हटाकर पानी की तलाश में आसपास के घरों की ओर भटकने को मजबूर हैं- जहां हर कदम पर उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों सवालों के घेरे में खड़े हैं। शिक्षा मित्र विनोद कुमार का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान और सचिव को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खामोशी ही हाथ लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि विकासखंड स्तर के अधिकारी फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते, मानो बच्चों की प्यास उनके लिए कोई मुद्दा ही न हो। यह लापरवाही सिर्फ एक हैंडपंप की खराबी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण बन गई है। गांव में बढ़ता आक्रोश अब चेतावनी दे रहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो यह चिंगारी बड़ा रूप ले सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि हैंडपंप तत्काल ठीक कराया जाए और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि बच्चों को कम से कम पानी के लिए अपनी पढ़ाई का सौदा न करना पड़े।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कलश यात्रा का स्वागत, कुलगुरु ने किया पूजन

अखंड भारत संदेश



कुलगुरु को गायत्री साहित्य भेंट करता गायत्री परिवार सदस्य

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती पर मंगलवार को आध्यात्मिक आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला, जब गायत्री परिवार द्वारा संचालित ह्लआपके द्वारह्व अभियान के अंतर्गत निकली पवित्र कलश यात्रा का महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में भव्य और गरिमामय स्वागत किया गया। परिसर श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने विधि-विधान से कलश पूजन कर इस आध्यात्मिक यात्रा को सम्मानित किया। इसके उपरांत आयोजित प्रेरणादायी विमर्श में शिक्षा और संस्कार के समन्वय पर गहन चर्चा हुई, जहां कुलगुरु की अध्यक्षता में प्राध्यापकों और गायत्री परिवार के सदस्यों ने समाज के समग्र विकास में शिक्षा संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने कुलगुरु एवं कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय को गायत्री साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, उल्लास और सामाजिक जागरूकता से सराबोर नजर आया।

# बदहाल सड़क ने उजागर किया राजापुर के विकास का खोखलापन, बड़े-बड़े दावों पर जोरदार तमाचा

अखंड भारत संदेश



राजापुर में क्षतिग्रस्त सडक

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर क्षेत्र में कमासिन-राजापुर मार्ग इन दिनों विकास के दावों पर करारा तमाचा बनकर उभर रहा है। यह सड़क अब रास्ता कम, मुसीबत ज्यादा नजर आती है- जहां डामर की जगह गड्ढों ने कब्जा जमा लिया है और सफर किसी सजा से कम नहीं रह गया। हाल ही में स्थानीय निवासी घनश्याम द्विवेदी द्वारा बनाई गई एक वायरल रील ने इस हकीकत को पूरे इलाके के सामने बेनकाब कर दिया है। वीडियो में सड़क का ऐसा खौफनाक चेहरा दिखता है, जहां वाहन चलाना नहीं, बल्कि बचाकर निकालना एक कला बन चुकी है। कीचड़, धंसे हुए हिस्से और उखड़ी परतें इस बात की गवाही दे रही हैं कि मरम्मत सिर्फ कागजों तक सीमित रही। ग्रामीणों का दर्द भी कम नहीं- स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी जानलेवा साबित हो सकती है और किसान रोजाना इस जर्जर रास्ते से जूझ रहे हैं। बारिश में हालात और भयावह हो जाते हैं, जब पानी से भरे गड्ढे मौत के जाल में बदल जाते हैं। सवाल अब सिर्फ सड़क का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का है- क्योंकि बार-बार शिकायतों के बावजूद न जनप्रतिनिधि जागे, न प्रशासन हरकत में आया। वायरल रील ने जनता की आवाज को बुलंद जरूर किया है, लेकिन क्या यह आवाज सत्ता के गलियारों तक पहुंचेगी या फिर यह मुद्दा भी फाइलों की धूल में दब जाएगा?

### आंकड़ो की बाजीगरी का शिकार राजापुर?

राजापुर में कभी सोशल मीडिया और चैनलों पर विकास के बड़े-बड़े कसीदे पढ़े जाते थे। दावा किया जाता था कि क्षेत्र ने अभूतपूर्व तरक्की की है, रैंकिंग में स्थान बना लिया है और अब यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ेगी। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। बदहाल सड़कें, अव्यवस्थित व्यवस्थाएं और मूलभूत सुविधाओं की कमी सवाल खड़े कर रही हैं। क्या यही वह विकास है जिसकी तस्वीर दिखाई गई थी? अगर सब कुछ इतना बेहतर है, तो फिर ये अव्यवस्थाएं क्यों? बड़ा सवाल यही है कि इन हालातों के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? प्रशासन, जनप्रतिनिधि या फिर सिर्फ कागजी दावे?

# जिलाध्यक्ष बेबस या साइडलाइन? चित्रकूट भाजपा में किसके हाथ में असली कमान

- जिलाध्यक्ष बने कठपुतली?
- जिलाध्यक्ष की चुप्पी, गलियारों की गूंज
- अंदरूनी कलह या सुनियोजित खेल?

**चित्रकूट।** भाजपा में इन दिनों जो सन्नाटा पसरा है, वह सामान्य राजनीतिक चुप्पी नहीं, बल्कि किसी बड़े अंदरूनी तूफान की आहट जैसा दिखाई देता है। जिस दल ने वर्षों तक अनुशासन, संगठन और एकजुटता का दावा किया, उसी दल का एक बड़ा पूर्व सांसद यदि अपनी पीड़ा लेकर दर-दर भटकने को मजबूर हो जाए, तो सवाल केवल एक व्यक्ति का नहीं रह जाता, सवाल पूरे संगठन की हालत का बन जाता है। लगता है जैसे चित्रकूट भाजपा के भीतर सब कुछ वैसा नहीं है जैसा मंचों और प्रेस विज्ञप्तियों में दिखाया जाता है। बड़ा प्रश्न जिलाध्यक्ष की भूमिका को लेकर है। जिले में जब भी कोई बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा होता है, जब पार्टी पर सवाल उठते हैं, जब कार्यकर्ता नाराज होते हैं या किसी बड़े नेता की पीड़ा सामने आती है, तब जिलाध्यक्ष का चेहरा कहीं दिखाई क्यों नहीं देता? टीवी की बहसों में कोई और, पार्टी की तरफ से बयान देने कोई और, बड़े फैसलों के संकेत देने कोई और? वहीं जब पानी में नहाना हो तो जिलाध्यक्ष दिख जाते है। ऐसे में जिले की राजनीति में यह फुसफुसाहट अब खुली चर्चा में बदल रही है कि क्या भाजपा का जिलाध्यक्ष केवल नाम का है और असली कमान किसी दूसरे हाथ में है? राजनीति में अक्सर पद पर बैठा व्यक्ति नहीं, बल्कि परदे के पीछे बैठा चेहरा फैसले करता है। चित्रकूट भाजपा को लेकर भी यही चर्चा जोर पकड़ रही है कि जिले में एक ऐसा व्यक्ति है, जिसके इशारे पर तय होता है कि कौन बोलेगा, कौन चुप रहेगा, किसे आगे बढ़ाना है और किसे किनारे लगाना है। शायद यही कारण है कि जिम्मेदारी वाले मौकों पर जिलाध्यक्ष गायब रहते हैं, लेकिन हल्के-फुल्के आयोजनों और दिखावटी कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी जरूर दर्ज हो जाती है। इससे कार्यकताओं और आम लोगों के बीच यह संदेश जा रहा है कि जिले का नेतृत्व जमीन पर नहीं, केवल तस्वीरों में सक्रिय है। चित्रकूट भाजपा के भीतर का यह सन्नाटा बहुत कुछ कह रहा है। क्योंकि राजनीति में सबसे खतरनाक वह आवाज नहीं होती जो सुनाई देती है, बल्कि वह खामोशी होती है जिसके भीतर बगावत पल रही होती है।

### कार्यकताओं की कौन सुनेगा?

भाजपा कार्यकताओं के बीच भी बेचैनी कम नहीं है। जो कार्यकर्ता कभी पार्टी को अपना परिवार मानते थे, वही आज यह पूछते दिखाई दे रहे हैं कि यदि एक पूर्व सांसद की सुनवाई नहीं हो रही, तो साधारण कार्यकर्ता की आवाज कौन सुनेगा? यदि पार्टी के भीतर असहमति रखने वालों को चुप करा दिया जाएगा, तो संगठन बचेगा कैसे? यह नाराजगी अब केवल बंद कमरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि गांवों, चौपालों और चाय की दुकानों तक पहुंच चुकी है।

## बालिका छात्रावासों में फर्नीचर उपलब्ध, 200 छात्राएं होंगी लाभान्वित

**चित्रकूट।** जिले में बालिका शिक्षा को नई उड़ान देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के निर्देश पर उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कृपहाड़ी और मऊ में छात्रावासों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया गया है। छात्राओं के लिए 40 डायनिंग टेबल, 40 बेंच, 200 अध्ययन मेज-कुर्सियां और 200 बेड की व्यवस्था ने उनके आवासीय जीवन को व्यवस्थित और सहज बना दिया है। अब छात्राएं बेहतर माहौल में पढ़ाई, विश्राम और दिनचर्या को संतुलित कर सकेंगी। यह पहल न केवल सुविधाओं का विस्तार है, बल्कि आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करती है। प्रशासन का यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि बालिका शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए ठोस आधार तैयार किया जा रहा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्प्रेक्षण गृह में निरीक्षण व जागरूकता शिविर आयोजित



सम्प्रेक्षण गृह के जागरूकता शिविर में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में न्याय की चौखट से उठी संवेदनशीलता की दस्तक तब और गूंजदार हो गई, जब जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में गठित निरीक्षण समिति ने 31 मार्च को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन नन्हीं जिंदगियों के भविष्य की थाह लेने का प्रयास था, जो गलती की धूल से उठकर सुधार की राह तलाश रही हैं। समिति ने बाल अपचारियों से सीधा संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और पुनर्वास व्यवस्थाओं की परतें खोलीं। जहां स्वच्छता और भोजन व्यवस्था संतोषजनक मिली, वहीं शिक्षा और कौशल विकास में सुधार की जरूरत ने व्यवस्था पर सवाल भी खड़े किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक लौट सकें। इसके साथ ही विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बच्चों को उनके अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता ने भी उन्हें कानून की समझ से लैस किया। यह निरीक्षण केवल व्यवस्था की जांच नहीं, बल्कि उम्मीद की एक नई रोशनी साबित हुआ।

# थक चुके हैं... अब जंग नहीं लड़ेगी इजरायल की सेना?
# सैन्य चीफ की लीक हुई चिट्ठी ने मचाया हड़कंप

**इजरायल**

**ईरान** से जंग, लेबनान में हिजबुल्लाह पर हमले और गाजा में हमास से दो-दो हाथ.... तीन मोर्चों पर उलझे इस्त्राइल के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने चेताया है कि जवानों की भारी मी है और इसका हल नहीं निकला तो इस्त्राइली सेना अंदरूनी तौर पर 'ढह' सकती है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग में जनरल जमीर ने 10 खतरों (10 रेड फ्लैग) को सामने रखा। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक डिफेंस चीफ ने कहा कि अगर मैन पावर की शॉर्टेज का सॉल्यूशन नहीं निकला तो आर्मी कोलैप्स कर जाएगी। आईडीएफ के सूत्रों ने बताया कि अभी तो युद्ध चल रहा है पर इजराइल को शांति के समय गजा, लेबनान, सीरिया, वेस्ट बैंक के बॉर्डर्स पर सैनिकों की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सरकार सैनिकों की भर्ती नहीं करती है तो कई जगह बिग गैप्स यानी कि सैनिकों की भारी कमी हो जाएगी। आगे यह भी बताया कि सरकार की ओर से हरेदी यहूदी को सेना में शामिल करने के लिए अभी तक



कोई ठोस कानून नहीं लाया गया है।

इजरायली सेना के प्रमुख ने जिन खतरों को गिनाया, उनमें जवानों की कमी के साथ मिशन पर जुटे सैनिकों पर बढ़ता बोझ, थकान, अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव, हथियार सप्लाई में कमी का जोखिम, अग्रिम मोर्चों पर अनुभवी कमांडरों की कमी और भर्ती में असमानता, ट्रेनिंग में गिरावट, मानसिक स्वास्थ्य का संकट अहम हैं। इन खतरों से जल्द नहीं निपटे तो सेना ढह जाएगी। हरेदी यहूदियों को अल्ट्रा ऑर्थोडॉक्स यहूदी कहा जाता है। मतलब इजराइल के कट्टरपंथी यहूदी। इस समुदाय के पुरुषों को तोरातो उमुनातो व्यवस्था के तहत एक विशेष छूट मिलती है कि वह यहूदी धर्म ग्रंथ तोराह की पढ़ाई अपने धार्मिक स्थल पर रहकर कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें मिलिट्री सर्विस से छूट मिल सकती है। फिलहाल इजराइल गजा, लेबनान, सीरिया, वेस्ट बैंक के फ्रंट पर युद्ध लड़ रहा है। साथ ही हरेदी यहूदियों की सेना में शामिल ना होने की वजह से सेना में भारी कमी आई है। हरेदी सेना मुद्दे पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू का कहना है कि उनकी भर्ती से जुड़े बिल को वॉर की वजह से साइड कर दिया गया है क्योंकि इससे देश की एकता पर खतरा पड़ सकता है।

विपक्ष ने कहा, बिना देरी लागू हो अनिवार्य सैन्य सेवा कानून

सेना का संकट सामने आने के बाद इस्त्राइल के विपक्षी नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जवान बढ़ाने के लिए तुरंत इमरजेंसी बैठक बुलाए। विपक्षी नेता यायर लैपिड ने कहा कि तुरंत अनिवार्य सैन्य सेवा कानून लागू हो। सूत्रों ने बताया कि सैनिकों की कमी की बड़ी वजह यह भी है कि हरेदी समुदाय ने सेना में शामिल होने का विरोध किया है। इसके कारण अनिवार्य सैन्य सेवा कानून पर पेंच फंसा है।

# सऊदी समेत सभी खाड़ी देश साथ

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच सऊदी अरब के संबंधों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। फ्लोरिडा में आयोजित एक निवेश मंच पर बोलते हुए ट्रंप ने दावा किया कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अब उनकी नीतियों की सराहना कर रहे हैं। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा कि क्राउन प्रिंस को उम्मीद नहीं थी कि उनके नेतृत्व में अमेरिका इतनी जल्दी और मजबूती से वापसी करेगा।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था की तारीफ

ट्रंप के अनुसार, सऊदी नेता ने अमेरिकी प्रगति को देखकर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले तक अमेरिका की अर्थव्यवस्था कमजोर दिख रही थी, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे विकसित देशों की सूची में शीर्ष पर है। ट्रंप ने बताया कि सऊदी अरब को पहले लगा था कि यह भी एक असफल अमेरिकी कार्यकाल होगा, लेकिन अब वे



अमेरिका के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए मजबूर हैं।

क्राउन प्रिंस की प्रशंसा

राष्ट्रपति ट्रंप ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को एक 'शानदार योद्धा' और प्रभावशाली व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को अपने नेतृत्व पर गर्व होना चाहिए। ट्रंप ने यह भी साफ किया कि ईरान के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन और कुवैत जैसे खाड़ी देशों ने कंधे से कंधा मिलाकर अमेरिका का समर्थन किया है।

ईरान की सैन्य क्षमता पर अंकुश लगाने की मांग

ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध को अब लगभग एक महीना होने वाला है। इस बीच, खाड़ी देशों ने अमेरिका से पुरजोर मांग की है कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को पूरी तरह से खत्म किया जाए। ये देश चाहते हैं कि भविष्य में ईरान की ओर से होने वाले किसी भी खतरे को स्थायी रूप से रोक दिया जाए।

# मछली पकड़ते ही पुतिन का होश उड़ा देने वाला ऐलान, बचा भारत, डरी दुनिया

**रूस**

**रूस** की मीडिया ने एक वीडियो पोस्ट करते हुए दिखाया है कि रूस में सर्दी खत्म होते ही तापमान थोड़ा बढ़ रहा है। इसीलिए राष्ट्रपति पुतिन धूप का मजा लेने के लिए मछली पकड़ने निकले हैं। लेकिन किसी को यह नहीं पता था कि पुतिन रूस में बढ़े थोड़े से तापमान में ऐसा फैसला ले लेंगे जो पूरी दुनिया को झुलसाने के लिए काफी है। दरअसल ईरान जंग की वजह से पेट्रोल डीजल को लेकर मची अफरातफरी के बीच खबर आई है कि रूस 4 महीनों के लिए किसी भी देश को पेट्रोल नहीं बेचेगा। रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया है। रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने के लिए बोल भी दिया है।

सरकारी समाचार एजेंसी ळअरर ने पहले बताया था कि यह प्रतिबंध 31 जुलाई तक लागू रहेगा। नोवाक ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण वैश्विक तेल और तेल उत्पादों के बाजार में मची उथल-पुथल से कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, विदेशी बाजारों में रूसी ऊर्जा संसाधनों की उच्च मांग एक सकारात्मक कारक बनी हुई है। सरकार ने एक बयान में कहा कि कच्चे तेल के प्रसंस्करण की मात्रा पिछले वर्ष के स्तर पर बनी हुई है, जिससे तेल उत्पादों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। यूक्रेन द्वारा रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले तेज करने और ईंधन की मौसमी मांग में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष रूस के



कई क्षेत्रों और रूसी नियंत्रण वाले यूक्रेन के कुछ हिस्सों में गैसोलीन की कमी देखी गई थी। रूस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और कमी से निपटने के लिए पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर बार-बार प्रतिबंध लगाए हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, देश ने पिछले वर्ष लगभग 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल का निर्यात किया, जो लगभग 117,000 बैरल प्रति दिन के बराबर है। रूस के इस ऐलान ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। लेकिन इस स्थिति में भी भारत जीतता दिख रहा है। रूस ने कहा है कि हम ऐसा फैसला इसलिए ले रहे हैं ताकि हमारे देश में सप्लाई बनी रहे और कीमतें भी नियंत्रित रहें। आपको बता दें कि रूस के इस फैसले का सबसे ज्यादा असर चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर को पड़ेगा। मगर भारत को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। ऐसा क्यों कहा जा रहा है वह अब आपको बताते हैं। दरअसल भारत पर असर इसलिए कम पड़ेगा क्योंकि भारत रूस से पेट्रोल नहीं बल्कि कच्चा तेल खरीदता है। ध्यान दीजिए रूस ने पेट्रोल निर्यात पर बैन लगाया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत सीधे तौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है।

# ईरान ने 'अब्राहम लिंकन' को उड़ाने की दी धमकी



**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हालात बेहद नाजुक हो गए हैं। ईरान ने सीधी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी नौसेना का जहाज 'अब्राहम लिंकन' उनकी पहुंच में आया, तो वे उस पर हमला कर देंगे। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमलों को काफी तेज कर दिया है, जिससे पूरे इलाके में खतरे की घंटी बज गई है।

हमलों का सिलसिला जारी

ईरान लगातार इजरायल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इसके जवाब में अमेरिका और इजरायल ने भी अपनी सैन्य कार्रवाई आक्रामक कर दी है। दोनों तरफ से बढ़ते हमलों ने इस क्षेत्र में शांति की उम्मीदों को कम कर दिया है और तनाव को एक खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया है।

खाड़ी देशों में हाई अलर्ट

इस बढ़ते विवाद को देखते हुए सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देशों ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। दुबई और दोहा जैसे बड़े शहरों में हवाई हमलों से बचने वाले 'एयर डिफेंस सिस्टम' को एक्टिव कर दिया गया है, ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

तेल सप्लाई और अर्थव्यवस्था पर संकट

दुनिया के सबसे जरूरी तेल मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। अगर यहां युद्ध जैसे हालात बनते हैं, तो पूरी दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई रुक सकती है। इससे पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ेंगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हो सकता है।

# ईरान पर जमीनी हमले की फिराक में यूएस



**वाशिंगटन**

**वाशिंगटन** पोस्ट की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी युद्ध के पांचवें हफ्ते में प्रवेश करने के साथ ही अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ईरान के खिलाफ एक नई सैन्य रणनीति पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत ईरान के महत्वपूर्ण तटीय क्षेत्रों और रणनीतिक द्वीपों पर कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी सैन्य अभियान और छापे शामिल हो सकते हैं।

खोजो और नष्ट करो अभियान

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इन छापों का मुख्य उद्देश्य उन हथियारों को ढूंढकर नष्ट करना है, जो वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए हैं। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के पास के तटीय इलाकों को निशाना बनाने की तैयारी है, जिसे युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने प्रभावी रूप से बंद कर रखा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ईरान के सबसे बड़े तेल टर्मिनल वाले खारग द्वीप पर कब्जा करने की संभावना पर भी गंभीरता से चर्चा कर रहा है। यह द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। पेंटागन की इस योजना में विशेष अभियान बल और पारंपरिक पैदल सेना के सैनिकों का उपयोग किया जा सकता है।

क्या राष्ट्रपति ट्रंप देंगे मंजूरी?

हालांकि ये सैन्य योजनाएं तैयार हैं, लेकिन रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इन योजनाओं को अंतिम मंजूरी देंगे या नहीं, यह अभी अनिश्चित है। यह भी साफ किया गया है कि प्रस्तावित जमीनी अभियान किसी पूर्ण पैमाने पर आक्रमण का हिस्सा नहीं होंगे, बल्कि ये सीमित समय के लिए किए जाने वाले रणनीतिक हमले होंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जमीन पर कदम रखा तो खैर नहीं

**ईरान**

**ईरान** के प्रमुख अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने शनिवार को अमेरिका को बेहद सख्त लहजे में चेतावनी जारी की है। अखबार ने अपने फ्रंट पेज पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि यदि अमेरिकी सैनिकों ने ईरान की धरती पर कदम रखा, तो वे केवल ताबूत में ही वापस लौटेंगे।

नरक में आपका स्वागत है का संदेश

ईरानी अखबार ने 'नरक में आपका स्वागत है' शीर्षक के साथ एक लेख प्रकाशित किया है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ईरान के खिलाफ जमीनी



सैन्य अभियान शुरू करने की योजना बना रहा है। इस बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि लगभग 2,500 मरीन सैनिकों के साथ नौसेना का एक जहाज पश्चिम एशिया पहुंच रहा है।

यूएसएस त्रिपोली की तैनाती

जापान में तैनात और ताइवान के पास अभ्यास कर रहे यूएसएस त्रिपोली और 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट के जवानों को दो सप्ताह पहले ही पश्चिम एशिया में तैनात होने का आदेश मिला था। यह तैनाती क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए की गई है।

धधक रहा है पश्चिम एशिया

लगभग एक महीने पहले अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हवाई हमले शुरू किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी कार्रवाई की।

ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उसके तेल और ऊर्जा संयंत्रों को नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इजरायल और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा। हाल की घटनाओं में इसके संकेत भी मिले हैं।

# अमेरिका से यूरोप तक, डोनल्ड ट्रंप का जोरदार विरोध

**ईरान**

**ईरान** के साथ युद्ध की स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को अमेरिका और यूरोप के कई शहरों में 'नो किंग्स' रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और ट्रंप सरकार के फैसलों के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।

प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र रहा मिनेसोटा

अमेरिका का मिनेसोटा राज्य इन विरोध प्रदर्शनों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा। सेंट पॉल में स्थित मिनेसोटा कैपिटल के बाहर हजारों लोग जमा हुए। प्रदर्शन के दौरान कई लोगों ने अमेरिका के झंडे को उल्टा पकड़ रखा था, जिसे संकट या परेशानी का ऐतिहासिक संकेत माना जाता है।

रैलियों में जुटी भारी भीड़

आयोजकों के अनुसार, इस बार करीब 90 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई गई थी। इससे पहले जून में हुई रैलियों में 50 लाख और अक्टूबर में 70 लाख लोग शामिल हुए थे। हालांकि, इस बार के सटीक आंकड़े आने अभी बाकी हैं, लेकिन अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सरकार और विरोधियों की प्रतिक्रिया

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इन रैलियों को वामपंथी संगठनों की



साजिश बताया है। वहीं, नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमिटी (ठफ्ळउ) ने भी इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'अमेरिका-विरोधी' मंच करार दिया। उनका कहना है कि इन रैलियों के जरिए हिंसक विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

दुनिया भर में फैला विरोध प्रदर्शन

यह विरोध सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है। ब्रिटेन, इटली और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है। जिन देशों में राजा का शासन है, वहां इन रैलियों को 'नो टाइरेंट्स' (कोई तानाशाह नहीं) नाम दिया गया है। रोम और लंदन में प्रदर्शनकारियों ने ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमलों का विरोध किया और नस्लवाद के खिलाफ नारे लगाए।

# भारत का 5000 टन डीजल पहुंचा बांग्लादेश, गदगद हुए तारिक रहमान

**बांग्लादेश**

**मिडिल** ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर साफ दिखाई देने लगा है। जहां ग्लोबल ऑयल सप्लाई में आई रुकावटों के चलते दुनिया के कई देशों की मुश्किलें बढ़ गई और इस समय भारत का पड़ोसी देश बांग्लादेश भी गंभीर ईंधन संकट का सामना कर रहा है और ऐसे मुश्किल हालात में बांग्लादेश की मदद के लिए भारत ने आगे बढ़कर कदम उठाया। दरअसल खबर सामने आई है कि भारत ने बांग्लादेश को 5000 टन डीजल की अतिरिक्त आपूर्ति भेजी है। इसके साथ ही हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल पहुंचाया जा चुका है। बांग्लादेश को जा रही आपूर्ति आसाम में स्थित नुमालीगढ़ रिफाइनरी से भारत बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए की जा रही है जो सीधे बांग्लादेश के पार्वतीपुर डिपो तक डीजल पहुंचाती है।

सूत्रों के मुताबिक भारत की ओर से यह आपूर्ति यहीं नहीं रुकने वाली बल्कि 28 मार्च को भी 6000 टन और डीजल भेजा जाएगा। वहीं अप्रैल महीने के लिए भारत ने 400 टन डीजल सप्लाई करने का प्रस्ताव बांग्लादेश को दिया जिसे बांग्लादेश ने मंजूर कर लिया है। माना जा रहा है कि इससे बांग्लादेश के बिजली उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पर पड़े भारी दबाव को काफी हद तक कम किया जाएगा। दरअसल बांग्लादेश की सालाना डीजल मांग लगभग 40



लाख टन है और यह पूरी तरह आयात पर निर्भर है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर उनकी अर्थव्यवस्था पर और आम जनजीवन पर पड़ता है। अब भारत की ओर से लिए गए इस कदम के कई अहम मायने सामने आ रहे हैं। जहां साल 2024 में बांग्लादेश में आए राजनीतिक बदलाव के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंधों को बेहद खराब दौर से गुजरना पड़ा है।

दोनों देशों के बीच कई ऊर्जा समझौतों की समीक्षा कर दी गई थी और कुछ परियोजनाएं बिल्कुल ठप पड़ गई थी। लेकिन हाल ही में हुए चुनाव और सत्ता परिवर्तन के बाद वापस से हालात बदलते हुए नजर आ रहे हैं। जहां नई सरकार के साथ भारत के संबंध में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और मौजूदा डीजल की आपूर्ति को दोनों देशों के बीच फिर से मजबूत होते हुए सहयोग और भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह पहल ना केवल बांग्लादेश के लिए राहत की खबर है बल्कि क्षेत्ररता और सहयोग को भी मजबूत करने की एक खबर है। भारत हमेशा से ही अपने पड़ोसियों की मदद करता आ रहा है और संकट की स्थिति में भारत का ये कदम पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए उठाया गया कदम माना जा रहा है। फिलहाल सभी की नजरें आने वाले महीनों पर टिकी है। जहां यह देखना अहम होगा कि भारत और बांग्लादेश के बीच का सहयोग किस दिशा में आगे बढ़ता है। वहां की नई सरकार के आने के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध किस दिशा में जाते हैं।